# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार,13 अक्टूबर 2024

संवत 2081, आश्विन शुक्ल 11 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 36 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ घर में सही दिशा में लगाएं पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा, मिलेंगे शुभ फल

आलिया भट्ट की 'जिगरा' का पहले दिन नहीं रहा कोई खास कलेक्शन ◀◀ 6


# ट्रक की चपेट में आने से दो युवकों की मौत, एक गंभीर



**मेट्रो रेज**

**रांची :** राजधानी रांची के बुढ़मू प्रखंड में सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। घटना शुक्रवार दोपहर तिलैया घाटी की है। मृतकों की पहचान खपिया गांव का रहने वाला पवन शर्मा और पंकज शर्मा के रूप में हुई है, जबकि बहन रेखा कुमारी घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार उनकी मोटरसाइकिल को एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उनकी जान चली गयी। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

**पीछे से आ रहे ट्रक ने लिया चपेट में:** जानकारी के अनुसार मृतक पवन, पंकज अपनी बहन के साथ बाइक पर सवार होकर नवाडीह से खपिया की ओर जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही एक ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिससे दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। जबकि घायल युवती रेखा कुमारी को सीएचसी बुढ़मू में इलाज के लिए भर्ती कराया।

प्राथमिक इलाज के बाद घायल युवती को रिम्स रेफर किया गयाः प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रांची रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है, लेकिन स्थिति नाजुक है। घायल युवती के सिर और पैर में गहरी चोट लगी है। पुलिस ट्रक को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं, वाहन चालक घटना के बाद ट्रक को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस की छानबीन जारी है।

## डायन बिसाही के आरोप में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या

**पश्चिमी सिंहभूमः** पश्चिमी सिंहभूम जिला में एक ही परिवार के तीन लोगों की डायन बिसाही के आरोप में हत्या कर दी गयी है। घटना गुरुवार की देर रात टेबो थाना क्षेत्र से 30 किमी दूर अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र चंपावा पंचायत के सियांकेल गांव की है। मृतकों की पहचान दुगुलू पूर्ति (60 साल), पत्नी सुकु होरो (50 साल) और उनकी बेटी दसकिर पूर्ति (23 साल) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चुरिंगकोचा जंगल में फेंक दिया गया शव कोः जानकारी के मुताबिक मृत परिवार के सभी सदस्य गुरुवार की रात सोये हुए थे। इस दौरान कुछ अज्ञात लोग लाठी एवं धारदार हथियार से मारकर सभी की हत्या कर दी। इसके बाद सभी के गले में रस्सी बांधकर घसीटते हुए गांव के समीप चुरिंगकोचा के जंगल मे फेंक दिया। शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीण जंगल में लकड़ी लाने गये तो तीनों का शव देखा। इनमें मृत पति की पत्नी और बेटी का शव अर्द्धनग्न अवस्था मे था। इसके बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी।

नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण शुक्रवार को नहीं पहुंच सकी पुलिसः नक्सल प्रभावित क्षेत्र व सुदूरवर्ती जंगल होने के कारण पुलिस शुक्रवार को नहीं आ सकी। शनिवार को टेबो थाना, सीआरपीएफ और जिला पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में टेबो थाना ले आयी। बता दें कि पूर्व में भी ग्रामीणों ने मृत पति-पत्नी के खिलाफ डायन बिसाही का आरोप लगा कर बैठकें की थी।

### मृतक पति-पत्नी की तीन बेटियां हैं

**मृतक** पति-पत्नी के तीन बेटियां हैं। जिसमें से एक की हत्या हो गयी है। जबकि दो बेटियां बाहर रहती हैं। जिस कारण वे बच गयी। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की एक बेटी दिल्ली में रहकर काम करती है। जबकि एक अभी कक्षा 10 में बिरसा स्कूल बंदगांव की छात्रा है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। कोई भी इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर रहा है। जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक पश्चिमी सिंहभूम के बंदगांव प्रखंड के दूर दराज वाले इलाके में अशिक्षा की वजह से आए दिन डायन बिसाही के नाम पर हत्या होती रहती है।

## मिट्टी के ढेर में दबने से दो बच्चों की मौत

**दुमकाः** जिले के जोगिया मोड़ पर शनिवार को खेलते समय मिट्टी के ढेर के नीचे दब जाने से दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान मोहम्मद आरिफ और मोहम्मद सोइफ (आयु 10-12 वर्ष) के रूप में हुई है। जरमुण्डी थाना के प्रभारी श्यामानंद मंडल ने बताया कि यह दुर्घटना दुमका-देवघर मार्ग पर एक ओवरब्रिज के निर्माण स्थल के पास हुई, जहां दो बच्चे खेल रहे थे। दोनों मृतक रिश्ते के भाई थे। मंडल ने बताया कि खेलते समय वे मिट्टी के टीले पर चढ़ रहे थे तभी मिट्टी ढह गई और उसके नीचे दब जाने से यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। बाद में शवों को निकालने के लिए मिट्टी हटाने वाले उपकरण का इस्तेमाल किया गया। बच्चों को निकटवर्ती अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पाकिस्तान में 2 आदिवासी गुटों में हिंसक झड़प , 11 की मौत, 8 घायल

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में शनिवार को दो आदिवासी गुटों की आपसी लड़ाई में 11 लोगों की मौत हो गई। घटना खैबर पख्तूनख्वाह प्रांत के कुर्रम जिले की बताई जा रही है। एक पाकिस्तानी अखबार के मुताबिक, घटना में 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज चल रहा है। हालांकि, विवाद की वजह अभी पता नहीं चल पाई है। जाविदुल्लाह महसूद ने बताया कि, पाक-अफगान बॉर्डर के पास कुंज अलिजाई पहाड़ों के पास गोलीबारी में दो लोग घायल हुए थे, जिसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। इसके बाद गाड़ियों को रोककर उन पर हमला किया गया। घटना के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पूर्व सांसद और ट्राइबल काउंसिल के सदस्य पिर हैदर अली शाह ने कहा कि, समाज के बुजुर्ग नेता कुर्रम में मामला शांत करने पहुंचे हैं। दोनों ही ट्राइबल गुटों के बीच समझौता करवाने की कोशिश की जा रही है। बता दें इससे पहले कुर्रम जिले में 20 सितंबर को शिया और सुन्नी मुसलमानों के दो गुटों के बीच जमीनी विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। इस घटना में 46 लोगों की मौत और 91 लोग घायल हो गए थे।

## विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सरकार की कैबिनेट बैठक कल, कई बड़े फैसलो की संभावना

**मेट्रो रेज**

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले हेमंत सरकार ने 14 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक बुलायी है। यह बैठक दिन के 12 बजे से शुरू होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसकी अध्यक्षता करेंगे। ऐसा माना जा रहा है कि यह मौजूदा सरकार के कार्यकाल का अंतिम बैठक होने वाला है। बैठक में कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है।

6 दिनों के अंदर दूसरी कैबिनेट बैठकः झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान चुनाव आयोग जल्द कर सकता है। इसलिए ऐसी संभावना जतायी जा रही है कि सोमवार को हेमंत सोरेन सरकार की इस कैबिनेट में कई लोकलुभावन फैसले लिये जा सकते हैं। यह 6 दिनों के अंदर में सरकार की दूसरी कैबिनेट बैठक है। इससे पहले 8 अक्टूबर को भी कैबिनेट की बैठक बुलायी गयी थी। जिसमें 81 प्रस्तावों पर मुहर लगी थी।



8 अक्टूबर को भी लिये गये कई लोकलुभावन फैसलेः इससे पहले 8 अक्टूबर की बैठक में भी कई लोकलुभावन फैसले लिये गये थे। जिसमें मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना में संशोधन करने सहमति बनी। इसके तहत अब हर 25 की जगह 50 मेधावी विद्यार्थी उच्च शिक्षा के लिए विदेश जा सकेंगे। इसके लिए कोटिवार विद्यार्थियों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गयी है। अब अनुसूचित जनजाति के 20 और अनुसूचित जाति के 10 और पिछड़ा वर्ग के 14 विद्यार्थियों को राज्य सरकार द्वारा छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके अलावा कैबिनेट ने अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग की सुविधा प्रदान करेगी। इसके अलावा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के सेवा नियमावली में सुधार का निर्णय लिया।

## ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर ट्रक ने चार को कुचला, तीन की मौत



**बागपतः** उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। बागपत के रटौल में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लहचौड़ा के पास ट्रक ने कैंटर से उतर रहे कई लोगों को कुचल दिया। हादसे में तीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक घायल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, नन्हे (40) पुत्र इंतजार निवासी दहरा, नाहल निवासी आकिल पुत्र इकबाल अपने साथियों के साथ कैंटर से गाजियाबाद की तरफ से हरियाणा की ओर जा रहे थे।

उनके कैंटर में डीजल के दो खाली दो भरे हुए बैरल भी रखे थे, उसमें डीजल निकालने वाला पाइप और चार बाल्टी भी थी, जब वह लहचौड़ा गांव के पास पहुंचे और कैंटर से नीचे उतरने लगे, तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया।

हादसे में नन्हे पुत्र इंतजार निवासी दहरा, आकिल पुत्र इकबाल निवासी नाहल की मौत हो गई, जबकि एक मृत व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो पाई है। अनवार पुत्र इंतजार घायल हुआ है, जो रटौल में निजी अस्पताल में भर्ती हुआ है।

सूचना पर पहुंची पुलिस तीनों मृतकों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया है, वहीं कैंटर मालिक को फोन पर सूचना दी है। कैंटर सवार सभी लोग कहां जा रहे थे अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों की दे दी है। परिजनों के आने पर ही घटना की जानकारी का पता चलेगा, वहीं जानकारी में आया है कि यह सभी लोग ईपीई पर गाड़ियों से डीजल चोरी करके बेचते थे।

## इटावा-आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, दो विदेशी महिला सहित तीन की मौत



**इटावा :** यूपी के इटावा जिले में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन-125 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो विदेशी महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया।

इटावा मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव, ताखा उप जिलाधिकारी श्वेता मिश्रा और उसराहार थाना प्रभारी मंसूर अहमद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार को क्रेन की मदद से कुदरेल चौकी पर खड़ा कर दिया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि यह दर्दनाक हादसा माइलस्टोन-125 पर खरगुआ गांव के पास हुई। कार अपने आगे चल रहे किसी वाहन से टकरा गई। हादसे में कार चालक संजीव कुमार, तीन सगी बहनें क्रिस्टन उर्फ तबस्सुम (20), आतिफा (25), नाज (30), कैटरीना और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल में उपचार के दौरान नाज, कैटरीना और कार चालक संजीव कुमार की मौत हो गई। मृतकों में शामिल दो विदेशी लड़कियों में से एक रूस की और एक अफगानिस्तान की रहने वाली है। मृतकों के परिजनों ने बताया कि सभी लोग लखनऊ घूमने गए थे और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद दिल्ली से पीड़ित के परिजन सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी पहुंचे। शुरूआती जानकारी के अनुसार, ओवर स्पीड के कारण उनकी गाड़ी आगे चल रहे किसी अज्ञात वाहन से टकरा गई। जिससे गाड़ी में बैठे 6 लोग घायल हो गए। पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाः एक करोड़ युवाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नयी दिल्लीः** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने आधिकारिक रूप से अपनी पंजीकरण प्रक्रिया खोल दी है, जिसमें एक करोड़ युवाओं को आवेदन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। यह योजना वित्तीय सहायता और कैरियर निर्माण के अवसर प्रदान करती है। पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करने के बाद, आवेदकों के लिए स्वचालित रूप से बनाया गया रिज्यूमे तैयार हो जाएगा, जिससे उन्हें उनकी प्राथमिकताओं के आधार पर न्यूनतम पांच इंटर्नशिप पदों के लिए आवेदन करने की अनुमति मिलेगी।इंटर्नशिप व वित्तीय सहायता प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत चयनित इंटर्न को 12 महीने के कार्यक्रम के दौरान हर महीने 5,000 रुपये मिलेगा। यह राशि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) योगदान के तहत मिलेगा। इसमें 500 रुपये संबंधित कंपनी और 4,500 रुपये सरकार देगी। इसके अतिरिक्त, इंटर्नशिप अवधि के दौरान आकस्मिक खर्चों को कवर करने के लिए एकमुश्त 6,000 रुपया दिया जायेगा।


## जम्मू-कश्मीर के डोडा में भूकंप 4 रही रिक्टर स्केल पर तीव्रता

**जम्मूः** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में रविवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर 4 रही तीव्रता। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि जिले में सुबह 6.14 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिसकी तीव्रता 4 थी।

भूकंप के निदेशांक अक्षांश 32.95 डिग्री उत्तर और देशांतर 75.83 डिग्री पूर्व हैं। यह धरती की सतह से 15 किलोमीटर नीचे आया। अभी तक कहीं से जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

आपको बताते चलें, जम्मू-कश्मीर के चिनाब घाटी क्षेत्र में अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहे हैं, जिसमें डोडा, किश्तवाड़, रामबन और रियासी जिले शामिल हैं। पिछले पांच से सात सालों में इन भूकंपों की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। केंद्र शासित प्रदेश में भूकंप से पहले भी तबाही देखने को मिली है। कश्मीर घाटी भूकंपीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है।

साल 2005 में 8 अक्टूबर को सुबह 8.50 बजे जम्मू-कश्मीर में रिक्टर पैमाने पर 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था। इस भूकंप का केंद्र पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के मुजफ्फराबाद शहर से 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित था।



इस भूकंप से उत्तरी पाकिस्तान, उत्तरी भारत और अफगानिस्तान में भारी तबाही हुई थी। मुजफ्फराबाद क्षेत्र सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ था और वहां के कई गांव पूरी तरह से नष्ट हो गए थे। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग और श्रीनगर, बारामुला जिलों सहित कश्मीर घाटी के विभिन्न शहरों में करीब 32,335 इमारत ढह गई थीं।

आधिकारिक तौर पर पीओजेके और पाकिस्तान के एनडब्ल्यूएफपी में मरने वालों की संख्या 79 हजार बताई गई, जबकि अन्य स्रोतों के अनुसार यह संख्या 86 हजार थी, जबकि घायलों की संख्या 69 हजार से ज्यादा होने का अनुमान था। जम्मू-कश्मीर में करीब 1,350 लोग मारे गए थे और 6,266 घायल हुए और भूकंप के झटके 1,000 किलोमीटर दूर दिल्ली तक महसूस किए गए थे।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बढ़ाई गई सलमान की सुरक्षा

**मुंबई :** बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा हत्या की जिम्मेदारी लेने के बाद सलमान खान के घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ा दी गई है। सलमान खान के परिवार ने उनके करीबी दोस्तों और सहयोगियों से अनुरोध किया है कि वे फिलहाल उनसे मिलने न आएं। सलमान खान बाबा सिद्दीकी को खोकर बेहद दुखी हैं। बाबा सिद्दीकी न केवल उनके दोस्त थे बल्कि उनके परिवार के सदस्य की तरह थे। एक सूत्र के अनुसार, सलमान खान बाबा सिद्दीकी के परिवार के साथ लगातार संपर्क में हैं और उन्हें हर संभव मदद दे रहे हैं। उन्होंने अपनी सभी निजी मुलाकातें रद्द कर दी हैं। लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी ली है। गैंग ने दावा किया है कि बाबा सिद्दीकी का दाऊद इब्राहिम से संबंध था और इसी वजह से उनकी हत्या की गई। हालांकि, मुंबई पुलिस ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। मुंबई पुलिस ने इस मामले में तीन शूटरों की पहचान कर ली है और मास्टरमाइंड की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले का खुलासा करने की उम्मीद है।



## यूपी में एक और एनकाउंटर, मारा गया डेढ़ लाख का इनामी बदमाश; इंस्पेक्टर और सिपाही घायल

**लखनऊ :** यूपी में एक बार फिर पुलिस और बदमाश के बीच एनकाउंटर हुआ है। इमसें डेढ़ लाख के इनामी बदमाश राजेश को मार गिराया गया है। राजेश के खिलाफ 50 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उस पर पुलिस ने कुल डेढ़ लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। एनकाउंटर के दौरान अहार थाना प्रभारी और एक सिपाही को भी गोली लगी है। बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र में यह एनकाउंटर हुआ है।

मारा गया अपराधी राजेश बुलंदशहर के ही थाना अहार क्षेत्र के सिहालीनगर गांव का रहने वाला था। उसके खिलाफ दर्ज 50 से अधिक मुकदमों में ज्यादातर लूट, डकैती और गैंगस्टर के मामले थे। पुलिस का कहना है कि राजेश विभिन्न मामलों में वांछित था। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। पुलिस ने राजेश से आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में उसे गोली लगी और वह मारा गया।

न्यूज ब्रीफ



## रेलवे माल गोदाम में कार्यरत श्रमिकों को जल्द मिलेगी खुशियों की सौगात

**कोडरमाः** रेलवे माल गोदाम में काम करने वाले हमारे सभी श्रमिक बंधुओं को जल्द मिलने वाली है खुशियों की सौगात, बताते चलें कि गत 9 अक्टूबर 2024 को श्रम शक्ति भवन में श्रमिकों को उनका हक और अधिकार दिलाने के उद्देश्य से भारतीय रेलवे माल गोदाम श्रमिक संघ के श्रीमान अरुण कुमार पासवान, संगठन के मार्गदर्शक श्रीमान जगदंबिका पाल साहब एवं श्रीमान मनोरंजन पासवान ने रेलवे एवं श्रम विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ त्रिपक्षीय बैठक कर श्रमिकों के अधिकारों के लिए मानक तय किए। संगठन मंत्री संदीप कुमार इस बैठक में रेलवे माल गोदाम में कार्यरत श्रमिक बंधुओं के लिए वेतनमान, पेंशन, पहचान पत्र कार्ड, सामाजिक सुरक्षा गारंटी का लाभ, मेडिकल की सुविधा इत्यादि सुविधाओं पर सर्वसम्मति से सहमति बनी जिसे अब जल्द से जल्द धरातल पर लागू करना है। संघ के केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा इस प्रकार के सफलतम प्रयास के लिए संगठन मंत्री संदीप कुमार ने हृदय से आभार व्यक्त किया है। संघ से जुड़े राजू सिंह, रजनीकांत पाण्डेय ,नोखलाल दास, किशोर राणा, आशुतोष कुमार सरगम, अदनान खान, बीरेंद्र चौधरी, मोनिशंकर विश्वास, सोनी कुमारी, साधु मंडल, मुकेश कुमार, राम सिंह, रमेश अवध्या, सुरेंद्र दास, देवाशीष पांडा, रोहित साहू इत्यादि लोगों ने संगठन के सफलतम प्रयास के लिए संगठन की भूरि- भूरि प्रशंसा की।

## छठ महापर्व पर जारी की जायेगी मंईयां योजना की चौथी किस्त

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की महिलाओं-बहनों को सम्मान देने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राज्य की महिलाओं के खातों में अब तक तीन किस्त आ चुकी है। सीएम हेमंत ने पहली किस्त रक्षाबंधन, दूसरी किस्त करम पर्व और तीसरी किस्त नवरात्रि के अवसर पर जारी की। वहीं अब मंईयां सम्मान योजना की चौथी किस्त छठ महापर्व पर जारी की जायेगी। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स हैंडल पर शेयर की है। उन्होंने कहा कि मुझे अत्यंत हर्ष है कि हमने 51 लाख बहनों के खातों में मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना की तीसरी किस्त जमा की है। छठ पूजा के पावन अवसर पर चौथी किश्त भी आप तक पहुंचेगी। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि हमारी बहनों के सशक्तिकरण की दृढ़ प्रतिज्ञा है। मैं आप सभी को विश्वास दिलाता हूं कि हर झारखंडवासी की उन्नति हमारा लक्ष्य है। हमने शुरूआत की है, पर यह केवल आरंभ है। जेल से लौट पिछले तीन माह में हमने काफी तेजी से कार्य किया है और आगे हम इस गति को और तेज करेंगे। हम मिलकर झारखंड को देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करेंगे। यह मेरा संकल्प है, हमारा वादा है।

## नरेंद्र विचार मंच के युवा अध्यक्ष ने किया भंडारे का उद्घाटन



**सिल्लीः** सिल्ली- मुरी में को सिंदूर खेला के साथ-साथ मां दुर्गा को विदाई देने की तैयारी की जा रही है। सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति महावीर चौक सिल्ली में पूजा स्थल पर भंडारा का मुख्य अतिथि नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष धनपति महतो व सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठा कुर ने संयुक्त रूप से फीता काट कर उद्घाटन किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे का आनंद उठाया और प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्री महतो ने माता रानी से आशीर्वाद प्राप्त किया और देश में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महतो ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के इंतजाम, वॉलेंटियरों की संख्या और सुरक्षा की सुविधाओं को देख समिति के सदस्यों को साधुवाद दिया। मौके पर विनोद चौधरी संजू भगत दिवाकर प्रसाद कुंदन साव मनोज सिंह चितरंजन बड़ाईक व अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो नेता ने किये मां के दर्शन



**सिल्लीः**झामुमो के रांची जिला उपाध्यक्ष रामानंद बेदिया ने सार्वजनिक दुर्गोत्सव समिति राधिका मैदान सिल्ली पूजा पंडाल में मां दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में बेदिया ने आयोजन समिति के सदस्यों तथा आम लोगों से भी मिलकर दुर्गा पूजा की बधाई दी। बेदिया ने श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के इंतजाम, वॉलेंटियरों की संख्या और सुरक्षा की सुविधाओं को देख समिति के सदस्यों को बधाई दिया। मौके कई कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

## विजय दशमी के दिन एसएनएमएमसीएच के पीजी ब्लॉक के पास अज्ञात शव मिलने से सनसनी

**धनबादः** विजयदशमी के दिन धनबाद में एक मेडिकल कॉलेज के पास बने सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल परिसर में अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। दरअसल, शनिवार (12 अक्टूबर) को धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) के समीप बने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल परिसर के पीजी ब्लॉक में अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है।

**सुरक्षा ड्यूटी में तैनात होमगार्ड के जवान ने सबसे पहले देखा शवः** शनिवार को सुबह एसएनएमएमसीएच की सुरक्षा ड्यूटी में तैनात होमगार्ड के जवान की नजर पीजी ब्लॉक के समीप पड़े व्यक्ति पर पड़ी। इसके बाद होमगार्ड के जवान ने धनबाद की सारायढेला पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस वहां पहुंची और व्यक्ति को उठाकर अस्पताल के इमरजेंसी में ले गई। वहां तैनात चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

**पोस्टमार्टम हाउस के मोर्चरी में रखा गया है शवः** अज्ञात के शव को पोस्टमार्टम हाउस के मोर्चरी में रखा गया है। पुलिस उसके बारे में पता लगाने का प्रयास कर रही है। पीजी ब्लॉक के पास दुर्गा पूजा का मेला लगा हुआ है। पीजी ब्लॉक में प्रवेश करने वाले रास्ते पर बैरिकेडिंग की गई है। इसे पार करते हुए व्यक्ति कैसे अंदर पहुंचा, अस्पताल प्रबंधन इसकी जांच में जुट गया है।

### मुख्यमंत्री ने किया रावण दहन, कहा -

# भगवान राम के आदर्शों को अपनाने की जरूरत



मेट्रो रेज

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान में आयोजित दशहरा समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर रावण का पुतला फूंका। इस अवसर पर उन्होंने राज्यवासियों को दशहरा की हार्दिक बधाई दी और भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि दशहरा का त्योहार असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। भगवान राम के जीवन से हमें कई सीख मिलती है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि रावण दहन का यह कार्यक्रम हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर श्संजीव विजयवर्गीय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कलाकारों ने भगवान राम, लक्ष्मण और सीता माता के रूप धारण कर लोगों का मन मोह लिया। आतिशबाजी का मनमोहक नजारा भी देखने को मिला।

## बिजली उत्पादन निगम में फर्जी एफडी के नाम पर राशि हस्तांतरण के बाद सरकार अलर्ट मोड में

मेट्रो रेज

**रांची :** ऊर्जा उत्पादन निगम के खाते से एफडी के लिए दूसरी शाखा में की गयी करोड़ों राशि हस्तांतरण और फर्जी निकासी के बाद राज्य सरकार अलर्ट मोड में आ गयी है। विकास आयुक्त सह ऊर्जा विकास निगम के सीएमडी अविनाश कुमार ने वित्त विभाग को पत्र लिखा है। उन्होंने कहा कि यह मामला प्रकाश में आने के बाद अब सभी विभागों के एफडी फंड की राशि के स्पेशल ऑडिट की जरूरत है। ताकि यह पता चल पाए कि कहीं किसी और विभाग में भी ऐसा कोई और मामला तो और नहीं है। उन्होंने बिजली की तीन कंपनियों झारखंड ऊर्जा विकास निगम, झारखंड बिजली वितरण निगम और झारखंड बिजली उत्पादन निगम के भी सभी एफडी की स्पेशल ऑडिट का निर्देश दिया है। इसके लिए एजी को पत्र लिखा गया है।

मालूम हो कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू स्थित शाखा में संचालित झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के खाते से फजीर्वाड़ा के जरिये 40 करोड़ 50 लाख 500 रुपये निकाल लिये गये हैं। यह रकम फिक्स डिपॉजिट में निवेश के लिए उक्त बैंक की शाखा को हस्तांतरित की गयी थी। इस मामले में उत्पादन निगम के महाप्रबंधक अमर नायक ने धुर्वा थाना में बीते दिवस शिकायत दर्ज करायी है। जिसमें सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की हिनू शाखा के प्रबंधक, निगम के जीएम फाइनेंस जयंत प्रसाद, डीजीएम फाइनेंस रंजीत कुमार सिंह और वरीय प्रबंधक श्रीकांत को नामजद करते हुए धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसके साथ ही इनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का भी निर्देश दिया गया है।



## सरायकेला-खरसावां में महिलाओं ने सिंदूर खेला के साथ मां दुर्गा को दी विदाई

**सरायकेला :** विजयादशमी के मौके पर सरायकेला खरसावां में महिलाओं ने सिंदूर खेलकर नम आंखों से मां दुर्गा को विदाई दी। इस मौके पर सुहागिन महिलाओं ने एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर अखंड सौभाग्यवती की कामना मां दुर्गा से की। इसके बाद कलश का विसर्जन किया गया।

सरायकेला खरसावां के विभिन्न पूजा पंडालों में सिंदूर खेलाः शनिवार को विजयादशमी के मौके पर सरायकेला-खरसावां के विभिन्न पूजा पंडालों में सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर खेला किया। खरसावां के राजखरसावां के ठाकुरबाड़ी पूजा पंडाल, रेलवे कॉलोनी व नया बाजार स्थित आनंद ज्ञान मंदिर पूजा पंडाल समेत सरायकेला के पूजा पंडालों के सामने विजया दशमी पर सिंदूर खेला का आयोजन किया गया। महिलाओं ने पहले मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित किया। इसके पश्चात सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलायें मौजूद रहीं।

**खरसावां के विभिन्न पंडालों में रविवार को होगा सिंदूर खेलाः** खरसावां के तलसाही, बेहरासाही समेत को पंडालों में रविवार को विजयादशमी मनाया जायेगा। इन पंडालों में रविवार को सिंदूर खेला होगा। वहीं, खरसावां व आमदा के पंडालों में स्थापित मां दुर्गा के प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को किया जायेगा। आमदा के पंडालों में स्थापित पंडालों के कलश का विसर्जन शनिवार को होगा।

दशहरा में सिंदूर खेला का है विशेष महत्वः विजयादशमी पर सिंदूर खेला को महत्वपूर्ण रस्म मान जाता है। शारदीय नवरात्रि के अंतिम दिन दुगार्पूजा और दशहरा के अवसर पर महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर अर्पित करती हैं। जिसे सिंदूर खेला के नाम से जाना जाता है। इस दिन पंडाल में मौजूद सभी सुहागिन महिलाएं एक-दूसरे को सिंदूर लगाती है। यह खास उत्सव मां की विदाई के रूप में मनाया जाता है।

**महिलाएं सुहाग की लंबी उम्र करती है कामनाः** सिंदूर खेला के दिन पान के पत्तों से मां दुर्गा के गालों को स्पर्श करते हुए उनकी मांग और माथे पर सिंदूर लगाकर महिलाएं अपने सुहाग की लंबी उम्र की कामना करती हैं। इसके बाद मां को पान और मिठाई का भोग लगाया जाता है। यह उत्सव महिलाएं विसर्जन या दशमी के दिन मनाती हैं। माना जाता है कि नवरात्रि में मां दुर्गा 10 दिनों के लिए अपने मायके आती हैं। इन्हीं 10 दिनों को दुर्गा उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इसके बाद 10वें दिन माता पार्वती अपने घर भगवान शिव के पास वापस कैलाश पर्वत चली जाती है।

## विधानसभा चुनाव से पहले नाबार्ड ने दी 770 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता को मंजूरी

**रांची :** झारखंड विधानसभा से पहले सिंचाई की दो परियोजनाओं के निर्माण के लिए 770 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की मंजूरी दी गई है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने शनिवार को यह जानकारी दी। ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि (आरआईडीएफ) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए इन परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इससे पलामू के 8 प्रखंडों में 11,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि की सिंचाई हो सकेगी। वहीं, गिरिडीह के 10,158 हेक्टेयर भूमि खेती के लिए उपयुक्त हो सकेगी।

पलामू के आठ प्रखंडों में 11,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि की हो सकेगी सिंचाईः झारखंड में नाबार्ड के क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक एस।के। जहागीरदार ने बताया, ह्यह्यनाबार्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के तहत पलामू और गिरिडीह जिले में सिंचाई की दो परियोजनाओं के निर्माण के लिए 769.58 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि इस सिंचाई परियोजना के पूरा हो जाने के बाद पलामू के आठ प्रखंडों में पाइपलाइन के माध्यम से 11,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि की सिंचाई हो सकेगी। गिरिडीह के 10,158 हेक्टेयर भूमि खेती के लिए हो सकेगी उपयुक्तः गिरिडीह में यह सिंचाई परियोजना पीरटांड ब्लॉक के 197 गांवों में से 165 गांवों को कवर करेगी, जिससे 10,158 हेक्टेयर भूमि खेती के लिए उपयुक्त हो सकेगी। नाबार्ड के अनुसार, दोनों परियोजनाओं से इन जिलों में कृषि से जुड़े कार्यों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की संभावना है। विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटा है झारखंडः नाबार्ड की ओर से यह वित्तीय सहायता ऐसे समय में दी गई है जब झारखंड इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुटा है। झारखंड विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी, 2025 को समाप्त होने वाला है, जिसमें कुल 81 सदस्य हैं। बैंक की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया, इस वित्तीय सहायता को मंजूरी देने के साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान आरआईडीएफ के तहत झारखंड को 1,017 करोड़ रुपये की मदद दी जा चुकी है। ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि की स्थापना के बाद से झारखंड को प्रदान की गई सहायता अब लगभग 24,300 करोड़ रुपये हो गई है।

## आधी रात को घर में घुसकर अपराधियों ने फोड़ा बम, सामने आया वीडियो

**धनबादः** जिले में अपराधियों ने दुर्गा पूजा के बीच आधी रात को घर में घुसकर तांडव मचाया। बमबाजी की। बम फटने की आवाज सुनकर लोग वहां पहुंचे, तो अपराधी भाग खड़े हुए। घटना शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात करीब 12:40 बजे की है। रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा के पांडव रजक के घर अपराधियों का तांडवः धनबाद जिले के अलकडीहा ओपी अंतर्गत सुरुंगा में अपराधियों ने रैयत विस्थापित ग्रामीण मोर्चा के पांडव रजक के घर में पहुंचकर आतंक मचाया। अपराधियों ने बम भी फोड़ा। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हां, एस्बेस्टस का घर क्षतिग्रस्त हो गया।

**आधी रात को 12:40 बजे पांडव रजक के घर में आ धमके अपराधी :** भुक्तभोगी पांडव रजक ने इसकी सूचना अलकडीहा ओपी प्रभारी को दी। फोन पर सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी रजक के घर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया। पांडव रजक ने बताया कि वे लोग घर में सोए हुए थे। इसी बीच, रात के करीब 12:40 बजे अपराधी घर में आ धमके। बम फोड़ना शुरू कर दिया। बमबाजी के बाद से सदमे में है पांडव रजक का परिवारः कुछ ही देर बाद अपराधी वहां से भाग गए। बम फूटने की आवाज सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए। फिलहाल पांडव रजक का परिवार सदमे में है। अपराधियों ने बम क्यों फोड़े, इसके कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवात, बनेगा लो प्रेशर एरिया

**14 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में बनेगा लो प्रेशर एरिया | झारखंड में कई जगहों पर हुई हल्की वर्षा**

मेट्रो रेज



**रांचीः** दक्षिणी पश्चिमी मानसून की पूरे भारत से अभी वापसी हुई भी नहीं है कि बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तैयार हो गया है। इसके असर से निम्न दबाव का क्षेत्र यानी लो प्रेशर एरिया बनेगा। इसके असर से झारखंड के कई जिलों में बारिश के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की ओर से यह जानकारी दी गई है।

झारखंड के 4 जिलों में हो सकती है वर्षाः रांची स्थित मौसम केंद्र ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात उठा है, जिसके असर से लो 14 अक्टूबर तक लो प्रेशर एरिया बनेगा। इसके बाद झारखंड के कई जिलों में वर्षा होने के आसार हैं। मौसम वैज्ञानिकों की मानें, तो निम्न दबाव का क्षेत्र बनने से पहले ही 13 अक्टूबर को झारखंड के कम से कम 4 जिलों में वर्षा होने की संभावना है।

5 दिन तक झारखंड के अधिकतम तापमान में नहीं होगा बदलावः मौसम विभाग ने कहा है कि कोल्हान प्रमंडल के सभी 3 जिलों (पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला-खरसावां) के अलावा सिमडेगा जिले में भी कहीं-कहीं वर्षा होने की संभावना है। हालांकि, अगले 5 दिन तक झारखंड के अधिकतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना मौसम वैज्ञानिकों को नजर नहीं आती।

**हजारीबाग समेत इन जगहों से लौट रहा मानसूनः** मौसम केंद्र ने कहा है कि मानसून की वापसी हो रही है। दक्षिणी-पश्चिमी मानसून दरभंगा, हजारीबाग, पेंडरा रोड, नरसिंहपुर, खरगोन, नंदुरबार और नवसारी से लौट रहा है। स्थितियां मानसून की वापसी के अनुकूल बन गई हैं। अगले 2 दिन में झारखंड समेत देश के 8 राज्यों (गुजरात, मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम) से मानसून की वापसी हो जाएगी।

14 अक्टूबर को बंगाल की खाड़ी में बनेगा लो प्रेशर एरियाः इसी बीच, बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में बने साइक्लोनिक सकुर्लेशन के असर से 14 अक्टूबर तक एक निम्न दबाव का क्षेत्र बनेगा। आने वाले दिनों में मौसम पर इसका असर देखा जाएगा। निम्न दबाव के असर से होने वाली बारिश के बाद मौसम में बदलाव आ सकता है। तापमान में गिरावट आ सकती है।

**झारखंड में कई जगहों पर हुई हल्की वर्षाः** यहां बताना प्रासंगिक होगा कि पिछले 24 घंटे में झारखंड में कुछ जगहों पर हल्के दर्जे की वर्षा हुई है। गुमला के रायडीह में 6।4 मिलीमीटर वर्षा हुई। इस दौरान सबसे अधिक उच्चतम तापमान सरायकेला-खरसावां जिले के सरायकेला में और सबसे कम न्यूनतम तापमान राजधानी रांची के मौसम केंद्र में दर्ज किया गया। सरायकेला का उच्चतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री ने विजयादशमी पर गुड़ाझोर को दी पुल की सौगात

**घाटशिला (पूर्वी सिंहभूम) :** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला प्रखंड स्थित नक्सल प्रभावित बाघुड़िया पंचायत के गुड़ाझोर गांव को विजयादशमी के दिन झारखंड के जल संसाधन तथा उच्च तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पुल की सौगात दी है।

बरसों से पुल की मांग कर रहे थे गुड़ाझोर के ग्रामीणः गुड़ाझोर के पास पहाड़ से निकले निशि झरना पर बरसों से पुल निर्माण की मांग ग्रामीण कर रहे थे। आखिरकार विजयदशमी के दिन हेमंत सोरेन सरकार के मंत्री रामदास सोरेन ने उस पुल का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत 1.62 करोड़ रुपए की लागत से इस पुल का निर्माण होगा।

ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल करवाएगा पुल का निर्माणः ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल इस पुल का निर्माण करवाएगा। सुजीत कुमार को इस पुल का ठेका मिला है। शनिवार को मंत्री अपने समर्थकों के साथ बीहड़ गांव में पहुंचे और पुल निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर ग्राम प्रधान रामचंद्र सिंह के साथ अनेक ग्रामीण और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मैकलुस्कीगंज को मिली एक और एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात



**रांचीः** शक्तिपुंज ट्रेन (जबलपुर- हावड़ा) का कोरोना काल के समय मैकलुस्कीगंज स्टेशन में ठहराव बंद हो गया था। अब इस ट्रेन का ठहराव होगा। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने रेलवे मंत्री से वार्ता कर पुनः शक्तिपुंज ट्रेन का ठहराव मैकलुस्कीगंज पर होगी। इसकी स्वीकृति रेलवे मंत्री द्वारा दे दी गई है। इस ट्रेन के ठहराव से खलारी और मैकलुस्कीगंज के लोगों को इसका लाभ होगा। इस ट्रेन के ठहराव से मैकलुस्कीगंज एवं खलारी के लोगों में खुशी है। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रेलवे मंत्री अश्वनी वैष्णव के प्रति आभार जताया।

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर बड़ा तालाब में एसडीआरएफ की टीम तैनात



**रांचीः** दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर बड़ा तालाब में एसडीआरएफ की टीम तैनात किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में एसडीआरएफ की टीम को तैनात किया गया है। साथ ही डीएसपी ने मौके पर पहुंच कर बड़ा तालाब का निरीक्षण भी किया, ताकि मूर्ति विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की कोई घटना नहीं हो। विसर्जन जुलूस को लेकर राजधानी रांची सहित अन्य शहरों में डैम और तालाबों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी तालाबों में दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। रांची नगर निगम क्षेत्र में चार स्थलों पर प्रतिमा का विसर्जन किया जाता है। सभी विसर्जन स्थलों पर नाव, नाविक और गोताखोरों की व्यवस्था करने का निर्देश जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को दिया गया है। विसर्जन के दौरान सभी पूजा समितियों को विशेष रुप से अलर्ट रहने को कहा गया है।

### शिवराज के घुसपैठ वाले आरोपों पर बोलीं महुआ माजी 17-18 साल तक सत्ता में रहे तब याद नहीं आया

**रांचीः** जेएमएम सांसद महुआ माजी ने कहा कि वे (बीजेपी) 17-18 साल तक सत्ता में रहे तब उन्हें याद नहीं आया। झारखंड में उनके कई मुख्यमंत्री रहें। वो जो जनसांख्यिकीय की बात कर रहे हैं तो राज्य में अधिकांश जनसांख्यिकीय बदलाव उनके शासन के दौरान हुआ। उनके मुख्यमंत्रियों ने कुछ नहीं किया और यह बीएसएफ का कर्तव्य है कि सीमाओं से घुसपैठ को रोकना। यह केंद्र सरकार का भी कर्तव्य है अगर वे विफल हैं तो उन्हें इस्तीफा देना चाहिए ना। ये सब चुनावी जुमला है वे अपनी विफलता छुपाने के लिए ऐसा कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आरोप लगाया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाली सरकार बांग्लादेशी घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है और कहा कि राज्य में सत्ता में आने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को लागू करेगी। उन्होंने दावा किया कि झारखंड में ह्यमाटी, बेटी और रोटी खतरे में है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर कहा कि भाजपा को केवल सत्ता में आने की चिंता नहीं है। झारखंड में घुसपैठ के कारण माटी, बेटी और रोटी खतरे में है। उनकी रक्षा करने का हमने संकल्प लिया है। चौहान झारखंड के चुनाव प्रभारी भी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी धरती से घुसपैठ हुई है और हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार उनका आधार और मतदाता पहचान पत्र बनाकर उन्हें संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिये झारखंड में आ रहे हैं, यहां की बेटियों से शादी कर रहे हैं, जमीन खरीद रहे हैं और स्थानीय निकायों में अपना प्रभाव बढ़ा रहे हैं। यह बहुत खतरनाक है और इससे झारखंड बर्बाद हो रहा है।

### फेसबुक पर मां दुर्गा पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाला युवक गिरफ्तार

**रांची/पिठोरिया :** फेसबुक पर मां दुर्गा पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले पिठोरिया थाना क्षेत्र के जीदू निवासी युवक संदीप उरांव पिता स्वर्गीय एतवा उरांव को पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम राय ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है । आरोप है कि उसने शुक्रवार को मां दुर्गा पर अत्यंत अभद्र पोस्ट डाले थे। इससे नाराज और आक्रोशित पिठोरिया क्षेत्र के सनातन समाज के लोगों ने इसकी लिखित शिकायत पिठोरिया पुलिस से करते हुए उसकी गिरफ्तारी की मांग की थी। मामला बढ़ता देख एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा और डीएसपी अमर कुमार पांडेय के निर्देश पर पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम राय ने मामला के तुल पकड़ने से पूर्व ही आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि वह लंबे समय से सनातन धर्म के देवी-देवताओं के संबंध में आपत्तिजनक पोस्ट अपने फेसबुक पर डालता आ रहा था। आरोपी संदीप उरांव को शनिवार को जेल भेज दिया गया है। पिठोरिया थाना प्रभारी गौतम राय के द्वारा क्षेत्र की जनता से अपील की गई है कि आपत्तिजनक व धर्म से संबंधित अश्लील फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर न डालें। अन्यथा उनके ऊपर भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई की जाएगी।

# मेला घूमने के दौरान मारपीट में घायल युवक की मौत, आक्रोशितों ने किया लालपुर चौक जाम



मेट्रो रेज

**रांची :** मेला घूमने के दौरान हुई मारपीट में घायल युवक की शनिवार देर रात मौत हो गयी। मृतक की पहचान रोहित मुंडा के रूप में हुई है। वह मूल रूप से लालपुर थाना क्षेत्र के लोहराकोचा का रहने वाला था। रोहित मुंडा की मौत के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार की सुबह लालपुर चौक जाम कर दिया। उग्र भीड़ घटना में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची है और आक्रोशितों को समझा-बुझा कर जाम हटाने का प्रयास कर रही है। लालपुर चौक पर जाम लगने की वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गयी है। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही रहा है।

दो दिन पहले मेला घूमने के समय कुछ युवकों के साथ हुई थी मारपीटः घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि रोहित अपने साथियों के साथ दो दिन पहले मेला घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान रातू रोड चौक के आसपास कुछ युवकों से उसकी मारपीट हुई थी। इस घटना में रोहित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार की देर रात उसकी मौत हो गयी।

## वैदिक रीति-रिवाज के साथ चंडी पाठ संपन्न

मेट्रो रेज

**रांची/पिठोरिया :** दुर्गा पूजा समिति पिठोरिया के द्वारा शारदीय दुर्गा पूजा का आयोजन धूमधाम से किया गया। नवरात्रा के दौरान कथावाचक शिवम शुक्ला के प्रवचन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा के दरम्यान वैदिक रीति-रिवाज के साथ चंडी पाठ मुख्य पुरोहित अखिल ईश्वर पाठक के अगुवाई में संपन्न हुआ। वहीं रामचरितमानस प्रचार मंडल के रानी के द्वारा रामचरितमानस के पाठ में युवक-युवतियों की अच्छी उपस्थिति रही। दुर्गा पूजा समिति के द्वारा अष्टमी, नवमी और दसवीं को मेला का आयोजन किया गया।



विजयदशमी के दिन नव पत्रिका विसर्जन के साथ पूजन का रस्म खत्म हुआ। इसके बाद छात्र-छात्राओं की बीच रामायण और महाभारत पर आधारित समान ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई इसमें सभी सफल प्रतिभागियों को धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया गया। सायं काल में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन भजन - कीर्तन करते हुए स्थानीय नया तालाब में किया गया। पूजा के आयोजन में अनिल केशरी, कृष्ण कुमार महतो, शंकर महतो, राजेश केशरी, सुधीर केशरी, श्रवण गोप, प्रमोद केसरी, अभिषेक ठाकुर, मिथिलेश स्वर्णकार, चंद्रिका प्रसाद, रामकिशोर महतो, विश्वनाथ बैठा, संजय चौरसिया, उमेश केशरी, रामानंद प्रसाद, शिवदास वर्मा, प्रदीप महतो, भरत स्वर्णकार, रमेश केशरी, सत्यदेव साहू, शंकर साहू, बबलू महतो, जितेन्द्र साहू, विनोद रजक, किशोर महतो कुमुद रजक सहित अन्य उपस्थित थे।



### महिला की हत्या

**सिमडेगाः** महिला की अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी है। महिला की पहचान पतरा टोली निवासी जसमती देवी 45 साल के रूप में हुई। घटना की सूचना सुबह प्रभारी मुखिया ने ठेठईटांगर थाना को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। छानबीन की जा रही है।

## अब सभी सरकारी अस्पतालों में होगी आंखों की सर्जरी

### हर जिले के लिए खरीदी जाएगी एक-एक फेको मशीन



**रांचीः** अब झारखंड के सभी जिलों के सदर अस्पतालों में फेको पद्धति से आंखों की सर्जरी होगी। स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के 20 जिलों के सदर अस्पतालों के लिए एक-एक फेको मशीन खरीदने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इनमें रांची, दुमका, पलामू तथा हजारीबाग को छोड़कर सभी जिले सम्मिलित हैं। इन जिलों में पहले से ही यह सुविधा बहाल है।

स्वास्थ्य विभाग ने इस नई योजना के लिए 5.19 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि संबंधित जिलों को जारी कर दी गई है। फेको मशीन के लिए अधिकतम दर भी तय कर दी गई है।

रांची सिविल सर्जन की रिपोर्ट पर यहां सांसद मद से खरीदी गई मशीन की दर को ही आधार बनाकर यह स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत प्रत्येक मशीन के लिए 25.94 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।

बताते चलें कि जिलों में इस मशीन की उपलब्धता नहीं होने के कारण आंखों की सर्जरी नहीं हो पाती थी। इसके लिए मरीज को रांची या दूसरे शहरों पर निर्भर रहना पड़ता था।

अब इन जिलों में ही आंखों की सर्जरी हो सकेगी। इन जिलों में नेत्र चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है। अन्य मानव संसाधन आउटसोर्स से बहाल किए जाएंगे। पलामू और गिरिडीह में सिंचाई परियोजना के लिए नाबार्ड देगा 769 करोड़ः राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पलामू और गिरिडीह जिलों में दो सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण के लिए ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि के तहत 769.58 करोड़ की वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी है।

नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक एसके जहागीरदार ने यह जानकारी दी है। परियोजना के पूरा होने पर पलामू में पाइपलाइन के माध्यम से जिले के आठ प्रखंडों में 11,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचित की जा सकेगी।

गिरिडीह में मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना से पीरटांड प्रखंड के 197 गांवों में से 165 गांवों को इसका लाभ मिलेगा। जिससे 10158 हेक्टेयर की सिंचाई योग्य भूमि का विकास गोगा। इन दोनों परियोजनाओं के माध्यम से इन जिलों में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास निधि (आरआइडीएफ) के अंतर्गत झारखंड को नाबार्ड से मिलने वाली वित्तीय सहयोग का आंकड़ा 1017 करोड़ तक पहुंच गया है। जहांगीरदार ने बताया कि आरआइडीएफ के स्थापना के बाद से झारखंड को अब तक लगभग 24,300 करोड़ की सहायता प्रदान की गई है।

## आईपीएल से पहले धोनी ने किया हेयर स्टाइल चेंज, फैंस को भाया माही का नया लुक



**रांचीः** राजधानी रांची के राजकुमार और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एक बार सुर्खियों में है। माही का नया लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। देश के जाने-माने हेयर स्टाइलिस्ट आलिम हकीम ने अपने इंस्टा और एक्स हैंडल पर धोनी की तीन फोटोज शेयर की है। फोटो में एमएसडी छोटे बाल में नजर आ रहे हैं। एक साइड उनके बाल छोटे-छोटे हैं। जबकि दूसरे साइड के बाल हल्के बड़े हैं। हेयर स्टाइलिस्ट ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा कि महेंद्र सिंह धोनी। हमारे एकमात्र थाला। आईपीएल से पहले माही का नया लुक देख फैंस चौंक गये। हालांकि फैंस को माही का नया लुक पसंद आ रहा है।

**आईपीएल के हर सीजन से पहले अपना हेयर स्टाइल चेंज करते हैं माही :** बता दें कि आलिम हकीम देश के जाने-माने हेयर स्टाइलिस्ट हैं। आलिम के पास बॉलीवुड स्टार से लेकर क्रिकेटर तक अपना हेयर कट करवाते हैं। वहीं महेंद्र सिंह धोनी अपने हेयरस्टाइल को लेकर हमेशा सर्खियों में रहते हैं। आईपीएल के हर सीजन से पहले वो अपना लुक बदलते हैं। पिछले सीजन में माही लंबे बालों में नजर आये थे। वहीं आईपीएल 2025 में माही छोटे बालों में दिखेंगे। पहले तस्वीर में माही का साइड लुक फोटो है और वो नीचे देख रहे हैं। दूसरी तस्वीर में माही ने साइड लुक किया है, लेकिन सामने देख रहे हैं। तीसरी तस्वीर की बात करें तो इसमें माही के साथ आलिम हकीम भी नजर आ रहे हैं। वो क्रिकेटर के हेयर कट कर रहे हैं।



### दशमी पूजन हवन के बाद भंडारे का आयोजन

**रांचीः** प्राचीन श्री राम मंदिर चुटिया में विजयादशमी पर प्रातः से ही बिभिन्न अनुष्ठान हुए । भजन कीर्तन करते हुए पाठ करने वाली कन्याएं हनुमान दल सत्संग सभा के सदस्यों नगर के श्रद्धालु भक्त व्यास मंडली भजन गायन किया। मंदिर में दशमी पूजन हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमे दो हजार लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया। उसके बाद पूणार्हुति हुए। अध्यक्ष बिजय कुमार साहू ने इस महायज्ञ में अपना सहयोग दिया ।

### धूमधाम से दशहरा संपन्न



**लचरागढ़/कोलेबिराः** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ धर्मशाला के समीप नव युवक संघ दुर्गा पूजा समिति लचरागढ़ के द्वारा दुर्गा महानवमी के रात्रि में भव्य जागरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन।पुरोहित पंडीत लखेश्वर पंडा,पवन शर्मा समिति के अध्यक्ष संरक्षक और सदस्य गणों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ,कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को समिति के द्वारा माता रानी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।तूने मुझे बुलाया भजन से हुई शुरूआत।रांची,धनबाद से आए कलाकारों के सुंदर भक्ति भजन वंदन और गानों से भक्ति रस में डुबा लचरागढ़।जैसे-जैसे रात बितती गई,गायक आनंद मंडल,गायिका मधु,लक्ष्मी जी के द्वारा एक से बढ़कर एक भक्ति गीत प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का विशेष बिंदु भगवान राधा-रानी और वीर बजरंगबली पवनसुत हनुमान की झांकी रहा,कलाकारों ने भगवान राधा कृष्ण और भगवान बजरंगबली का वेशभूषा धारण कर सुंदर भजन नृत्य प्रस्तुत किया।जागरण एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें सभ्यता धार्मिक और संस्कार झलकता है।धार्मिक कार्यक्रम में हमारे बच्चे,घर की महिलाएं सभी अभिभावक गण आते हैं,हमारे बच्चे जैसा कार्यक्रम देखेंगे वैसा ही सीखेंगे इसलिए हम सबको समाज के बीच में अच्छे धार्मिक,सांस्कृतिक जागरण कार्यक्रम का ही प्रदर्शन करना।

# झारखंड में कब होगा सीटों का बंटवारा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने किया बड़ा खुलासा

मेट्रो रेज

**रांचीः** राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा, सीटों के बंटवारे पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। सीएम दिल्ली में थे, उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों के साथ-साथ सीट बंटवारे पर भी चर्चा की। लेकिन अंतिम फैसला मिल-बैठकर ही किया जाएगा।



'हरियाणा में जो हुआ, वह झारखंड में नहीं दोहराया जाएगा': झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि हरियाणा में जो हुआ, वह झारखंड में नहीं दोहराया जाएगा। झारखंड की जनता जागरूक है। राज्य में गठबंधन सरकार की उपलब्धियों से लोग खुश हैं। हालांकि उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर फैसला लिया जाएगा।

जनवरी में खत्म हो रहा विधानसभा का कार्यकालः झारखंड में विधानसभा के लिए चुनाव इस साल होने हैं क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 5 जनवरी, 2025 को समाप्त हो रहा है। वहीं पत्रकारों से बात करते हुए केशव महतो ने कहा, आदर्श आचार संहिता की घोषणा के बाद गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे पर फैसला चर्चा के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी गठबंधन सहयोगी एकजुट हैं और यहां झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार के साथ हैं।

इस महीने रांची के दौरे पर आएंगे राहुल गांधीः झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने यह भी बताया कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी इस महीने रांची का दौरा करेंगे। हालांकि राहुल गांधी के दौरे की तारीख अभी तक तय नहीं हुई है।

# घर में सही दिशा में लगाएं पंचमुखी हनुमान की प्रतिमा, मिलेंगे शुभ फल



**आपने भी कई मंदिरों में पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन किए होंगे। कई बार लोग पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर को घर में लगा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना चाहिए।**

हिंदू धर्म में मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। हनुमान जी को श्रीराम का अनन्य भक्त माना जाता है। साथ ही हनुमान जी को कलियुग का देवता भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। खासतौर पर मंगलवार के दिन भक्त हनुमान जी की विधिपूर्वक पूजा करते हैं। बता दें कि पंचमुखी हनुमान जी का भी अधिक महत्व है।

आपने भी कई मंदिरों में पंचमुखी हनुमान जी के दर्शन किए होंगे। कई बार लोग पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर को घर में लगा लेते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना चाहिए। वहीं यदि आप सही दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की प्रतिमा लगाते हैं, तो कुंडली में मौजूद सभी दोषों से छुटकारा मिल जाता है। तो आइए जानते हैं कि पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर किस दिशा में लगाना शुभ माना जाता है।

## पूर्व दिशा में लगाएं पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर

पूर्व दिशा को भगवान सूर्यदेव की दिशा माना जाता है। सूर्य देव अंधकार को हटाकर उजाला प्रदान करते हैं। वहीं हनुमान जी को भक्तों को बल, बुद्ध और भक्ति प्रतीक माना जाता है। ऐसे में पूर्व दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगाने से सूर्य देव की किरणों से मिलने वाली सकारात्मक ऊर्जा तस्वीर की वजह से कई गुना बढ़ जाती है। इससे व्यक्ति के घर में हमेशा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है।

## उत्तर-पूर्व दिशा में लगाएं हनुमान जी की तस्वीर

अगर आप संकट में घिर गए हैं या फिर किसी बड़ी परेशानी में पड़ गए हैं, तो आपको हनुमान जी की आराधना करनी चाहिए। इससे आपको संकट से छुटकारा मिलेगा। वहीं आप अपने घर की उत्तर-पूर्व दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो आपको इसका भरपूर लाभ मिलता है।

बता दें कि हनुमान जी को संकट मोचन भी कहा जाता है। ऐसे में पूर्व दिशा या उत्तर पूर्व दिशा में हनुमान जी की तस्वीर लगाते हैं, तो आपको परेशानियों से छुटकारा मिलता है और शत्रुओं का नाश होता है। ऐसे में आप भी इन दिशा में पंचमुखी हनुमान जी की तस्वीर लगा सकते हैं।



# लिविंग एरिया को है चमकाना तो विनेगर का ऐसे करें इस्तेमाल

लिविंग रूम घर का ऐसा हिस्सा होता है, जहां पर कोई भी व्यक्ति आकर बैठता है। ऐसे में अगर लिविंग एरिया गंदा हो या फिर वहां से अजीब सी स्मेल आ रही हो तो इससे आपकी पर्सनैलिटी पर भी नेगेटिव इफेक्ट पड़ता है। अमूमन यह देखने में आता है कि लिविंग एरिया की क्लीनिंग के लिए हम कई तरह के केमिकल बेस्ड क्लीनर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन जब ये केमिकल्स सांस के जरिए अंदर जाते हैं तो इससे आपको काफी नुकसान हो सकता है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने लिविंग रूम को विनेगर की मदद से क्लीन करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि लिविंग एरिया को क्लीन करने के लिए विनेगर का इस्तेमाल किस तरह किया जाए-

**सोफे की करें सफाई**

अगर आपके लिविंग एरिया में रखे सोफे या आर्मचेयर से थोड़ी बासी गंध आती है, तो सिरके से सफाई करें। एक स्प्रे बोतल में बराबर मात्रा में पानी और सिरका मिलाएं। अब इसमें लैवेंडर या नीलगिरी एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डालकर मिक्स करें। अब इसे स्प्रे करें, लेकिन फर्नीचर को बहुत गीला न करें। इसे हवा में सूखने दें। वहीं अगर सोफे पर दाग लगा है तो 1 भाग सिरका और 1 भाग पानी के मिश्रण से दाग को साफ करें। ज्यादा मुश्किल दागों के लिए, पहले उस जगह पर बेकिंग सोडा छिड़कें, फिर सिरका स्प्रे करें। इसे कुछ मिनट तक फिज होने दें, कपड़े से धीरे-धीरे रगड़ें और पोंछकर साफ करें।

**विंडो को करें क्लीन**

लिविंग रूम के विंडो की क्लीनिंग के लिए भी सिरके की मदद ली जा सकती है। इसके लिए आप एक स्प्रे बोतल में एक भाग सिरका और दो भाग पानी मिलाएं। अपनी खिड़कियों पर स्प्रे करें, फिर इसे माइक्रोफाइबर कपड़े से पोंछें। जिद्दी दागों के लिए, थोड़ा ज्यादा सिरका लगाकर रगड़ें, फिर साफ कपड़े से उसे क्लीन करें।

**कारपेट को करें क्लीन**

लिविंग रूम में रखा कारपेट बहुत जल्दी गंदा हो जाता है। ऐसे में उसे साफ करने के लिए आप सिरके का इस्तेमाल करें। इसके लिए, आप बराबर मात्रा में सिरका और पानी के मिश्रण से उस जगह को साफ करें। इसके बाद, दाग पर बेकिंग सोडा छिड़कें, इसे सूखने दें और वैक्यूम करें। वहीं, जिद्दी दाग को साफ करने के लिए, 1 बड़ा चम्मच डिश सोप, 1 बड़ा चम्मच सफेद सिरका और 2 कप गर्म पानी मिलाएं। घोल को स्पंज या कपड़े से दाग पर थपथपाएं, फिर साफ तौलिये से पोंछकर सुखाएं।

# डायबिटीज के मरीजों के लिए रामबाण साबित होगा ये पांच फूल

डायबिटीज से जूझ रहे मरीजों के लिए ये फूल किसी रामबाण से कम नहीं है। डायबिटीज का प्रबंधन एक निरंतर लड़ाई की तरह महसूस हो सकता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्रकृति के इन फूलों की मदद से राहत मिल सकती है? जबकि रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए दवाएं और जीवनशैली में बदलाव आवश्यक हैं, कुछ फूल भी मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं। आइए कुछ ऐसे फूलों पर नजर डालें जो स्वाभाविक रूप से स्वस्थ ब्लड शुगर के स्तर तक आपकी यात्रा में सहायता कर सकते हैं।



**डेहलिया**

ऑक्सफोर्ड एकेडमिक लाइफ मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन से पता चलता है कि डहलिया फूल की पंखुड़ियों में तीन अणु होते हैं जो प्रीडायबिटीज और टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों में रक्त शर्करा के स्तर को विनियमित करने में मदद कर सकते हैं। न्यूजीलैंड में ओटागो विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पहले पाया था कि आहार संबंधी फ्लेवोनोइड ब्यूटेन मस्तिष्क की सूजन को कम कर सकता है, जिससे रक्त शर्करा नियंत्रण में सुधार होता है। नए अध्ययन में डेहलिया की पंखुड़ियों को ब्यूटेन के स्रोत के साथ-साथ दो अन्य यौगिकों के रूप में उजागर किया गया है जो इसकी प्रभावशीलता को बढ़ाते हैं।

**मेडागास्कर पेरीविंकल**

मेडागास्कर पेरिविंकल का उपयोग पारंपरिक रूप से मधुमेह, गले के संक्रमण, रक्तचाप, कैंसर और त्वचा रोगों सहित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए किया जाता रहा है। हालांकि यह संभावित लाभ प्रदान कर सकता है, अनुचित खुराक इसके उपयोग को असुरक्षित बना सकती है। इस पौधे के कुछ शुद्ध यौगिकों को इंजेक्शन के माध्यम से कैंसर के इलाज के लिए यूएस एफडीए द्वारा अनुमोदित किया गया है। हालाँकि, किसी भी स्थिति में इसके उपयोग पर विचार करने से पहले इसके दुष्प्रभावों को समझना महत्वपूर्ण है।

**केला का फूल**

नेशनल सेंटर फॉर बायोटेक्नोलॉजी इंफॉर्मेशन के 2013 के एक अध्ययन में पाया गया कि केले के फूल का सेवन शरीर में बढ़ी हुई चीनी से जुड़े एक विशिष्ट प्रोटीन के उत्पादन को कम करके रक्त शर्करा के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। रक्त शर्करा को प्रबंधित करने के अलावा, केले का फूल वजन घटाने, कोलेस्ट्रॉल कम करने और स्वस्थ पाचन तंत्र को बढ़ावा देने में सहायता कर सकता है।

**गुडहल का फूल**

हिबिस्कस चाय, हिबिस्कस फूल से बनी, एक तीखा, चमकीले रंग का पेय है जो अपने स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। यह रक्तचाप को कम करने में मदद कर सकता है, जो मधुमेह वाले लोगों में आम है। कुछ अध्ययनों से यह भी संकेत मिलता है कि हिबिस्कस इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार कर सकता है, जिससे यह मधुमेह के प्रबंधन के लिए एक सहायक विकल्प बन सकता है।

**तितली मटर का फूल**

बटरफ्लाई मटर फूल, या क्लिटोरिया टर्नेटिया, दक्षिणपूर्व एशिया जैसे गर्म क्षेत्रों का मूल निवासी एक आकर्षक नीला फूल है। इसके औषधीय गुणों के कारण इसे विभिन्न संस्कृतियों में पारंपरिक रूप से उपयोग किया जाता है। अध्ययनों से पता चलता है कि फूल रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, इसके हाइपोग्लाइकेमिक गुणों के कारण, यह मधुमेह या प्रीडायबिटीज वाले लोगों के लिए फायदेमंद है।

# अक्टूबर के महीने में ओढ़ना पड़ेगा कंबल, भारत की इन ठंडी जगहों पर घूमने का बनाएं प्लान

भारत में ऐसी कई जगहें हैं जो छिपे हुए खाजने की तरह हैं। अगर आप भी इन जगहों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं तो अक्टूबर के महीना में इन प्लेसेस पर जरुर जाएं। चिलचिलाती अक्टूबर की गर्मी से बचने के लिए आप भी इन जगहों पर जाएं, उत्तरी भारत में, विशेष रूप से देश के कुछ सबसे ठंडे स्थान हैं। जहां तापमान हाड़ कंपा देने वाला हो सकता है। यदि आप बर्फ से ढके परिदृश्यों, आरामदायक कॉटेज और रोमांचकारी ठंडी के खेलों का आनंद लेना चाहते हैं, तो यहां इस लेख में हम आपको घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों के बारे में बताएंगे, जो आपको सर्दियों का मजा देगी।



**स्पीति वैली**

अक्टूबर में हिमाचल प्रदेश में रात को तापमान अक्सर शून्य से नीचे चला जाता है। लेकिन दिन के समय ठंडी हवा के साथ धूप की गर्माहट बहुत अच्छी लगती है। स्पीति में रहते हुए, किसी को अन्य खूबसूरत स्थलों के साथ-साथ ऐतिहासिक मठों की खोज करना नहीं भूलना चाहिए।

**गुलमर्ग**

जम्मू और कश्मीर में स्थित गुलमर्ग में आपको इस समय ठंड एहसास फील होगा। लेकिन आने वाले महीनों में यह बर्फीले स्वर्ग में बदल जाएगा। पिछले साल बर्फबारी में देरी हुई थी, जिससे कई पर्यटकों को निराशा हुई थी। लेकिन जनवरी के अंत में आए लोगों को यहां पर गजब का अनुभव प्राप्त हुआ। यदि आप भीड़ के बिना कश्मीर के ठंड का आकर्षण को देखना चाहते हैं, तो अब जाने का सही समय है।

**लद्दाख**

लद्दाख में अक्टूबर से तापमान गिरना शुरू हो जाता है। यहां पर ठंड की स्थिति का एहसास होना आम बात है, खासकर रात में। दिन के समय, लेह, नुब्रा घाटी और पैंगोंग झील जैसी जगहें तेज धूप में स्वर्ग बन जाती हैं।

**केलांग**


लाहौल और स्पीति जिलों में स्थित, केलॉन्ग सबसे कम खोजे जाने वाले हिल स्टेशन स्थानों में से एक है और उन लोगों के लिए एक सच्चा छिपा हुआ रत्न है जो ठंड के मौसम को पसंद करते हैं। अक्टूबर में तापमान अक्सर नीचे चला जाता है और रातें अत्यधिक ठंडी हो सकती हैं। केलांग उन लोगों के लिए एक शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता है जो सामान्य पर्यटन स्थलों से दूर रहना चाहते हैं और एकांत में सर्दियों का आनंद लेना चाहते हैं।

**छितकुल**

हिमाचल प्रदेश का एक हिल स्टेशन, जो स्वर्ग से कम नहीं। जहां आमतौर पर रात में ठंड का तापमान अनुभव होता है। जैसे-जैसे साल खत्म होगा, छितकुल बर्फ से ढक जाएगा, जिसके कारण इस क्षेत्र में प्रवेश करना संभव नहीं होगा। यदि आप इस अनोखी जगह का अनुभव लेना चाहते हैं, तो अभी अपने टिकट बुक करें।

# मेकअप टिप्स : करवाचौथ पर दिखना है चांद सा खूबसूरत, तो ना करें ये मेकअप मिसटेक्स

करवाचौथ किसी भी सुहागन स्त्री के लिए साल का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इस खास दिन पत्नी अपने पति की लंबी आयु व उसकी सुख-समृद्धि के लिए निर्जला व्रत रखती है। इस दिन हर सुहागन स्त्री विशेष रूप से तैयार होती है। वह दुनिया में सबसे अधिक खूबसूरत दिखना चाहती है और इसलिए वे मेकअप का सहारा लेती हैं। मेकअप के जरिए वे अपनी नेचुरल ब्यूटी को कई गुना बढ़ाना चाहती है। हालांकि, यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते समय अक्सर वे कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठती हैं, जिससे उनका पूरा लुक बिगड़ जाता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको करवाचौथ पर मेकअप करते समय की जाने वाली कुछ आम गलतियों के बारे में बता रहे हैं-



**स्किनकेयर को अनदेखा करना**

कई बार यह देखने में आता है कि करवाचौथ पर मेकअप करते हुए महिलाएं सीधे ही मेकअप प्रोडक्ट्स अप्लाई करना शुरू कर देती है। लेकिन आपको यह समझना चाहिए कि आपका मेकअप उतना ही अच्छा लगेगा, जितनी आपकी स्किन अंदर से अच्छी लगेगी। इसलिए, मेकअप शुरू करने से पहले मॉइश्चराइजर व प्राइमर का इस्तेमाल करें। ऐसा न करने से स्किन रूखी हो सकती है या बेस असमान हो सकता है।

**फाउंडेशन का ज्यादा इस्तेमाल करना**

कभी भी करवाचौथ मेकअप करते हुए आपको फाउंडेशन का ज्यादा इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसके बजाय, लाइट से मीडियम कवरेज वाला फाउंडेशन इस्तेमाल करें। इसे अच्छी तरह से ब्लेंड करें और नेचुरल फिनिश के लिए हमेशा अपने फाउंडेशन को अपनी गर्दन से मैच करें।

**मेकअप सेट न करना**

मेकअप करने के बाद उसे सेट करना भी उतना ही जरूरी है। सेटिंग पाउडर या स्प्रे न लगाने से आपका मेकअप जल्दी से खराब हो सकता है या फीका पड़ सकता है। इसलिए, कोशिश करें कि आप अपना फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद, अपने टी-जोन पर हल्का ट्रांसलूसेंट पाउडर छिड़कें और फिर इसे लॉन्ग लास्टिंग बनाने के लिए सेटिंग स्प्रे का इस्तेमाल करें।

**हाइलाइटर का बहुत ज्यादा इस्तेमाल करना**

यह सच है कि करवाचौथ पर हर महिला शाइन करना चाहती हैं। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप जरूरत से ज्यादा हाइलाइटर का इस्तेमाल करने लगे। इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। आप इसे अपने चेहरे के ऊपरी हिस्सों- चीकबोन्स, नोज ब्रिज व क्यूपिड बो पर लगाएं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# एसबीआई मेन ब्रांच में लगी आग, मची अफरा-तफरी

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र में भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई में आग लग गई । यह घटना शहर के चौक बाजार स्थित एसबीआई के मेन ब्रांच में शनिवार की शाम लगभग 5:45 बजे बैंक की तीसरी मंजिल पर लगी आग से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।देखते ही देखते आग की लपटें बाहर तक आने लगीं।आग लगने के कुछ ही देर के भीतर करीब 300 मीटर के दायरे में पूरा इलाका धुआं-धुआं हो गया।वही स्थानिय लोगों ने अग्निशमन पदाधिकारी को इसकी सूचना दी। करीब 45 मिनट के बाद दमकल के वाहन वहां पहुंचे और अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही साहिबगंज के नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता भी भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई पहुंचे। आग लगने की खबर मिलते ही निचले तल्ले पर



मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने बारी-बारी से हथियार व अन्य सामान को वहां से हटाकर दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया। करीब आधे घंटे बाद अग्निशमन विभाग ने आग पर काबू पा लिया। आग लगने से कितने का नुकसान हुआ है।इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है।जिस कमरे में आग लगी है।उसमें लोन डिपार्टमेंट से जुड़े कागजात रखे जाते हैं। उसी में फील्ड ऑफिसर के कार्यालय भी हैं। वही

मौजूद भगवती तंबाखू वाला, विकास गुप्ता, काली दास पाठक, गोपाल चोखानी, शौरब कुमार, सहित कई लोगों ने बताया कि उन्होंने सबसे पहले अपने स्तर से ही आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए थे। अग्निशमन विभाग की गाड़ी काफी देर से पहुंची। आग लगने के कारणों के बारे में कोई कुछ नहीं बता रहा।लेकिन अधिकारियों का अनुमान है। यह घटना शॉर्ट सर्किट की वजह से बैंक में आग लगी होगी। स्टेट बैंक में आग लगने की सूचना मिलने पर एसडीओ अंगार नाथ स्वर्णकार भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेते नजर आये।

# शानदार आतिशबाजी के साथ हुआ रावण दहन



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** गोराबारी हटिया दुर्गा पूजा समिति की ओर से सिदो कान्हु स्टेडियम में शानदार आतिशबाजी के साथ रावण का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी अमित कुमार सिंह, एडीसी, सदर एसडीओ अंगरनाथ स्वर्णकार सहित अन्य ने तीर मारकर रावण का दहन किया। इससे पूर्व समिति की ओर से अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र देकर किया। वही 100 स्टार पटाखा, फुलझड़ी, पटाखा, अनार, घिरनी, रॉकेट युद्ध पटाखा आतिशबाजी आकर्षक का केंद्र रहा। हजारों की भीड़ ने पूरे परिवार के साथ सिदो कान्हु स्टेडियम व पहाड़ की तलहटी से रावण वध व शानदार आतिशबाजी का लुफ्त उठाया। मंच संचालन निर्भय ओझा ने किया। मौके पर समिति सदस्य्, हजारों लोग, पुलिस अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी ट्रेन का परिचालन शुरू, रेल मंत्री ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** रेलवे ने साहिबगंज को दो एक्सपेस-मेल ट्रेनों का तोहफा दिया है। साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। वहीं, अगरतला-आनंद विहार तेजस राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर ठहराव भी शुरू किया गया। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव व गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दोनों ट्रेनों का शुभारंभ किया। इस मौके पर साहिबगंज रेलवे स्टेशन पर राजमहल विधायक अनंत ओझा व मालदा डीआरएम मनीष कुमार गुप्ता ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अगरतला-आनंदविहार तेजस राजधानी एक्सप्रेस का साहिबगंज स्टेशन पर दो मिनट ठहराव के बाद दिल्ली के रवाना किया गया। वहीं, ट्रेन नंबर 13428 साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस साहिबगंज रेलवे स्टेशन से सुबह 5 ।20 बजे नियमित रूप से हावड़ा के लिए चलेगी और दोपहर 12.35 बजे हावड़ा पहुंचेगी। इस ट्रेन का ठहराव सकरीगली, तीनपहाड़, बड़हरवा, पाकुड़, रामपुरहाट, बोलपुर, शांतिनिकेतन, बर्द्धमान, बंडल स्टेशनों पर होगा। उधर से ट्रेन नंबर 13427 दोपहर 01.45 बजे हावड़ा से खुलेगी। अगरतला-आनंद विहार तेजस राजधानी का साहिबगंज स्टेशन पर ठहराव व साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी स्टेशन का परिचालन शुरू होने पर राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश रेलवे के क्षेत्र में प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है। आज का दिन साहिगंज के लिए भी स्वर्णिम है। दो एक्सप्रेस व सुपरफास्ट मेल ट्रेन शुभारंभ होने से जिले के लोगों को काफी सुविधा होगी।

# कलश विसर्जन के साथ नवरात्री समाप्त



मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** कलश विसर्जन के साथ नवरात्री समाप्त, आज धूमधाम से गाजे बाजे ढोल नगाड़ा के साथ, पारंपरिक हथियार से करतब दिखाते हुए पूजा समिती सदस्य मां दुर्गा को विदाई होगी। समिती विसर्जन जुलूस की तैयारी में जुटा। सभी समिती का विसर्जन जुलूस दोपहर तक निकलकर अपने टोले मुहल्ले क्षेत्रों में दुर्गा मां का अंतिम दर्शन कराते हुए मुख्य चौक चौराहा मुख्य मार्ग होते हुए स्थानीय गंगा तट पहुंचकर प्रतिमा विसर्जन करेगे। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। सीसीटीवी, ड्रोन से अति संवेदनशील क्षेत्रों में मॉनिटरिंग की जा रही है। रेलवे एरिया में रेलवे फोर्स के साथ लोकल पुलिस फोर्स को लगाया गया है। अति संवेदनशील क्षेत्रों के छतों में पुलिस फोर्स की तैनाती और ड्रोन से पल पल की निगरानी की जा रही है। विसर्जन जुलूस मार्गो और उनसे सटे गली मुहल्ले पर भी ड्रोन से नजर रखी जा रही है। उपद्रवी, हुड़दगी, शराबी, नशेबाज पर पुलिस की पैनी नजर, जगह जगह मेजिस्ट्रेड नियुक्त। नियंत्रण कक्ष पूरी तरह से एक्टिव। पल पल की खबर डीसी एसपी सहित आला अधिकारी ले रहे है।

हंसडीहा इंडियन बैंक लूट का मामला

# बैंक डकैती करने वाले गिरोह के दो सदस्य धराये

मेट्रो रेज

**दुमका :** जिले के हंसडीहा स्थित इंडियन बैंक की शाखा से लगभग 19 लाख रुपये की डकैती जिस गिरोह ने किया था, उसके दो सदस्य दबोचे गये हैं। सरगना समेत तीन अन्य अपराधियों को दबोचने के लिए जिला की विशेष टीम जगह-जगह छापेमारी कर रही है। एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने प्रेस कान्फ्रेंस में बताया कि कांड के उद्भेदन के लिए जिस विशेष टीम यानी एसआइटी का गठन किया गया था, उस टीम ने तकनीकी अनुसंधान के दौरान रंजीत दास उर्फ रंजीत सक्सेना पिता घुटर दास, बंपास टाउन, सदर थाना देवघर और दीपक यादव उर्फ दुर्गा यादव पिता स्व कृष्णा प्रसाद यादव साकिन नीमा, थाना रजौन जिला बांका बिहार को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद जब इनसे पूछताछ की गयी, तो इन दोनों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। लूट के पैसे में हिस्सेदारी, सहयोगियों व सरगना का नाम आदि का खुलासा कर दिया। लूट के रकम में मिले हिस्से के बचे हुए लगभग 13300 रुपये और तीन मोबाइल बरामद किये गये हैं। एसपी ने बताया कि इन अपराधियों के गिरोह ने दुमका में बैंक ऑफ बड़ौदा में डकैती की घटना को भी अंजाम दिया था। गिरोह में पकड़े गये दो अपराधी तो बैंक लूट के मामलों में सात-सात साल की सजा काट चुके हैं। धनबाद और बंगाल में बैंक लूट तथा सोने की लूट में भी शामिल रहे हैं। बिहार, झारखंड व बंगाल में बैंक लूटने में गिरोह की सक्रियता की बात सामने आयी है। धनगौर बंपास टाउन देवघर निवासी रंजीत दास उर्फ रंजीत सक्सेना का एक भाई भी देवघर बैंक लूट के मामले में जेल गया था। एसपी ने बताया कि 8 अगस्त को जब वारदात को इनलोगों ने अंजाम दिया था, तो उसके बाद कांवरिये के वेश केसरिया सर्ट-पैंट पहनकर भीड़ में निकल भागे थे। टीम में ये सभी किये गये हैं शामिल एसपी श्री खेरवार ने बताया कि कांड का उद्भेदन करने व बचे हुए अपराधियों को धर दबोचने के लिए जो विशेष टीम गठित की गयी है। टीम में जरमुंडी के एसडीपीओ अमित कुमार कच्छप, थाना प्रभारी जरमुंडी श्यामानंद मंडल, हंसडीहा थाना प्रभारी प्रकाश कुमार सिंह, थाना प्रभारी तालझारी अजीत कुमार यादव, थाना प्रभारी जामा अजीत कुमार, थाना प्रभारी सरैयाहाट ताराचंद, मसलिया थाना प्रभारी अनिल कुमार टुडू, एसआई अमर महतो व मोनू राम शामिल हैं।

# ग्रामीणों ने की सड़क की मरम्मत



**साहिबगंज/मेट्रो रेज :** सदर प्रखंड के लालबथानी में बाढ़ के कहर से सड़क ध्वस्त हो गया था। जिस कारण ग्रामीणों को साहिबगाज आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वही अब तक न कोई जनप्रतिनिधि के द्वारा न कोई जिला प्रशासन की ओर से कार्यवाही हुआ। थक हार कर ग्रामीणों द्वारा आपस में चंदा इकट्ठा कर सड़क के जर्जर स्थिति को मरमत करने के लिए युवा कार्यकर्ता कौसर आलम ने मुफ्फसिल थाना प्रभारी मदन कुमार व सभी वरिष्ठ ग्रामीणों के साथ मिलकर रस्ता का मरम्मती करवाया।मौके पर मुख्य रूप से उपमखमलपुर दक्षिण पंचायत के मुखिया इशहाक,समिति तारिक अनवर, मखमलपुर उत्तर पंचायत के उपमुखिया सिद्दीकी,भोला मांझी मोकम्मील, शमीम, मोफजुल, अकमल, शजाहन, उजीर हुसैन, नईम अख्तर, फिरोज आलम,जकीर हुसैन,रंजीत साह,परवेज आलम,पेशकार अली व अन्य उपस्थित रहे।

# मधुपुर, देवीपुर, मोहनपुर, जरमुंडी व पौड़ेयाहाट में 32 करोड़ की लागत से बनेंगी 14 सड़कें

- सांसद डॉ निशिकांत दुबे के निर्देश पर विभाग ने फंड आवंटन किया, जल्द निकलेगा टेंडर

मेट्रो रेज

**देवघर :** ग्रामीण कार्य विभाग से गोड्डा संसदीय क्षेत्र के मधुपुर, देवीपुर, मोहनपुर व पौड़ेयाहाट प्रखंड में कुल 32 करोड़ की लागत से 14 सड़कें बनेगी। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे के निर्देश पर ग्रामीण कार्य विभाग के विभागीय सचिव ने प्रशासनिक स्वीकृति के बाद महालेखाकार को



फंड आवंटन करने के लिए पत्र भेजा, उसके बाद वित्तीय विभाग से फंड भी स्वीकृत कर दिया गया है। जल्द ही टेंडर कर सड़कों का निर्माण कार्य चालू किया जायेगा। स्वीकृत सड़कों में मोहनपुर प्रखंड में मोहनपुर बाजार से खड़ियाडीह, रतनपुर से फतेहपुर, लूतसीवरण व लीलावरण से गोयधा पथ, चौफाल मोड़ से आमगाछी, अलकुई हरिजन टोला से कुरुमटांड़ भाया दुधवाजोर। देवीपुर प्रखंड में कसुवाडीह से मदनपुर, मधुपुर प्रखंड में रामचंद्रपुर से मानपुर, जरमुंडी प्रखंड में केरबांक मोड़ से गादी व कपजोड़ा से खुर्द डुमरिया तक पथ, पौड़ेयाहाट प्रखंड में पसई से बदराडीह, पसई से कजरा भाया गढ़ी व तिलाटांड़ मोड़ से तिलाटांड़ तक पथ निर्माण होगा। सबसे अधिक मोहनपुर प्रखंड में 17 करोड़ की लागत से आधे दर्जन सड़कों का निर्माण होगा। इसमें अधिकतर गांवों में पक्की सड़क नहीं है। कई गांव मुख्य सड़क से भी नहीं जुड़ पाये हैं। 14 सड़कों का निर्माण होने से सैकड़ों गांव पक्की सड़क से जुड़ जायेंगे। सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने विभागीय सचिव को जल्द टेंडर कर निर्माण कार्य चालू कराने का निर्देश दिया है। इन सभी प्रखंडों की 14 सड़कों का निर्माण काफी आवश्यक है। चुनाव के दौरान ही विभागीय सचिव को डीपीआर बनाने का निर्देश दिया जा चुका था। दो महीने में डीपीआर तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति दिलायी गयी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### भाजपा नेता अमित सिंह ने रेल मंत्री व निशिकांत दुबे को दी बधाई

**साहिबगंज:** राजमहल प्रखंड और तीनपहाड़ वासियो की वर्षो पुरानी मांग पूरी हुई। मुरली हाल्ट पर राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर का ठहराव शुरू हो गया। जिसकी जानकारी भाजपा के युवा नेता अमित सिंह ने दिया। उन्होंने बताया कि पिछले 29 सिंतबर को साहिबगंज वासियों की तरह से गोड्डा सांसद और संताल परगना के विकास पुरुष डॉ निशिकांत दुबे दिल्ली उनके आवास में मिल कर रेलवे से संबंधित 4 मांग पत्र दिया। जिसमे मुरली हॉल्ट पर ट्रेन का ठहराव,राजधानी एक्सप्रेस का साहिबगंज में ठहराव,साहिबगंज से हावड़ा इंटरसिटी परिचालन शुरू हो। जिसकी शुरूआत 2 दिन पहले हो चुका है। इसके लिए भाजपा नेता अमित सिंह ने साहिबगंज राजमहल तीनपहा वासियो की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव,गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे,भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व एवं झारखंड प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।श्री सिंह ने कहा कि दीपावली,छठ पर्व तक साहिबगंज को विकास की कई सौगात मिलने जा रही है।

### एक देशी कट्टा और नौ जिंदा करतूस के साथ दो अपराधी गिरफ्तार



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में एक बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में थे अपराधी, पुलिस की सतर्कता से अपराधियों के मंसूबे विफल हो गए। थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक देसी कट्टा और 9 जिंदा कारतूस के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ किशोर तिर्की ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी जिरवाबाड़ी क्षेत्र में बड़ी वारदात की योजना बना रहे थे । प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों के पास से देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुए।जिससे यह साफ जाहिर होता है। कि वे किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की तैयारी में थे।जिरवाबारी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे और उनकी टीम की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक बड़ी वारदात होने से पहले ही टल गई।

### ऑनलाइन गेम में बड़ी राशि हारने पर अवसादग्रस्त युवक ने की आत्महत्या

**रामगढ़:** थाना क्षेत्र की बौडिया पंचायत के कमारचक गांव में 22 वर्षीय युवक प्रहलाद दर्वे ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मंगलवार की देर शाम की है। रामगढ़ थाने की पुलिस को मामले की जानकारी होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका स्थित फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल भेज दिया है। पहले मृतक के परिजन पोस्टमार्टम नहीं करना चाहते थे। मृतक के पिता सुशील दर्वे घर पर नहीं है। वे रोजगार की तलाश में दूसरे प्रांत गए हुए हैं। मृतक अपने गांव में ही इलेक्ट्रॉनिक की छोटी सी दुकान चलाता था। ग्रामीणों तथा पड़ोसियों के अनुसार मृतक प्रहलाद को मोबाइल पर ऑनलाइन जुआ खेलने की लत लग गयी थी। ऑनलाइन जुए में वह काफी पैसा हार गया था। जिसके कारण वह अवसाद ग्रस्त हो गया था। जुआ खेलने को लेकर उसके घर में हमेशा कहा-सुनी हुआ करती थी। मंगलवार को प्रहलाद दर्वे दोपहर का खाना खाने के बाद अपने दुकान चला गया था। उसने दुकान को अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। काफी देर तक जब दुकान नहीं खुली तो पड़ोसियों को मामला संदिग्ध प्रतीत हुआ। इसके बाद पड़ोसियों ने परिजनों को सूचना दी तथा दुकान खुलवाने को कहा। परिजनों तथा पड़ोसियों द्वारा लगातार आवाज लगाए जाने के बावजूद जब किवाड़ तथा ना ही अंदर से किसी तरह की आवाज आई तो ग्रामीणों के साथ मिलकर परिजनों ने दुकान का दरवाजा तोड़ दिया। दुकान में प्रवेश करने पर लोगों ने देखा कि प्रहलाद दर्वे फांसी के फंदे से लटका हुआ था। आनन-फानन में उसे नीचे उतारा गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है।

### चतरा सांसद और विधायक ने 49 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास




**चतरा।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह और सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने दशहरा के दिन विधानसभा क्षेत्र वासियों को सौगात दी है। उन्होंने टंडवा, सिमरिया, लावालौंग, पत्थलगडा और इटखोरी प्रखंड में 36 किमी सड़क और दो पुल का एक समारोह में शिलान्यास किया है। इस मौके पर विधायक ने कहा कि सिमरिया विस में लगभग 36 किमी जर्जर सड़कों का कायाकल्प किया जायेगा। उनके अनुशंसा पर योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। सड़क निर्माण में 38 करोड़ की राशि व दो पुल के निर्माण में 11 करोड़ की राशि खर्च होगी। सभी योजनाओं का टंडवा में आनलाइन शिलान्यास किया गया। सांसद ने कहा कि आजादी के 75 साल बाद चतरा रेलवे लाइन से जुड़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रेलवे विभाग इसका डीपीआर बनाने में लगा हुआ है। यह लाइन गया से चतरा और चतरा से चंदवा तक जुड़ेगा। इस मौके पर मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष अरविंद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, अक्षयवट पांडेय, मिथलेश गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे।




# जी स्टूडियोज और अनिल शर्मा ने की अगली फिल्म 'वनवास' की घोषणा

गदरः एक प्रेम कथा और गदर 2 जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के लिए मशहूर ज़ी स्टूडियोज़ और अनिल शर्मा अब वनवास नाम की एक और दमदार कहानी पेश करने के लिए तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि डायरेक्टर अनिल शर्मा ने गदर 2 की बड़ी सफलता के बाद अपनी अगली फिल्म वनवास की घोषणा की है। ये घोषणा दशहरे के दिन की गई है, जहां मेकर्स ने दिलचस्प कहानी का एक प्रीव्यू दिया है। फिल्म एक टाइमलेस थीम को छूती है, जो एक पुरानी कहानी से प्रेरित है, जहां फर्ज, सम्मान और इंसान द्वारा किए गए काम के परिणाम उनके जीवन को कैसे बदलते हैं, दिखाया गया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है, जिसमें ₹अपने ही अपनों को देते हैं: वनवास₹ का फर्स्ट लुक दिखाया गया है। वीडियो में फिल्म की एक्साइटमेंट को जबरदस्त विजुअल्स और एक धमाकेदार बैकग्राउंड स्कोर के साथ कैप्चर किया गया है। इसमें राम राम गाना भी है, जो फिल्म के दिव्य माहौल को और बेहतर बनाता है और ये गाना अपनी रिलीज के साथ बेशक दर्शकों के दिलों को जीतने वाला है।₹ उन्होंने आगे कैप्शन में लिखा है वनवास के बारे में बात करते हुए डायरेक्टर अनिल शर्मा ने कहा, ₹रामायण और वनवास एक अलग ही कहानी है जहां बच्चे अपने माता-पिता को वनवास दिलाते हैं। कलयुग का रामायण जहां अपने ही देते हैं अपनों को वनवास। अनिल शर्मा द्वारा रिटेन, प्रोड्यूस और डायरेक्ट वनवास जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म ज़ी स्टूडियोज़ द्वारा वर्ल्ड वाइड रिलीज़ की जाएगी।

## आमिर खान प्रोडक्शन की 'लापता लेडीज' ने जीता अमिताभ बच्चन का दिल



जियो स्टूडियोज और आमिर खान प्रोडक्शंस की लापता लेडीज अपनी दिल छू लेने वाली कहानी और हास्य के साथ सबका दिल जीत रही है। फिल्म एक मजबूत संदेश देती है और करोड़ों लोगों के दिलों को छू गई है। हाल ही में ऑस्कर में एंट्री और जापान में रिलीज के बाद अब फिल्म को अमिताभ बच्चन से भी तारीफ मिली है। हाल ही में जब आमिर खान कौन बनेगा करोड़पति में गए, तो अमिताभ बच्चन दर्शकों को संबोधित करते हुए कहते दिखे, ₹आमिर खान द्वारा निर्मित हाल ही में रिलीज़ हुई फ़िल्म लापता लेडीज़ को ऑस्कर के लिए चुना गया है। आमिर, मेरी तरफ़ से आपको बहुत-बहुत बधाई। मैंने फ़िल्म देखी है- दरअसल, मैंने इसे दो बार देखा है। जया, जो बहुत समझदार हैं और अक्सर कहती हैं, 'नहीं, मुझे यह या वह पसंद नहीं आया,' उन्हें आपकी फ़िल्म बहुत पसंद आई। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, 'लापता लेडीज' किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। यह फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी स्क्रिप्ट बिप्लब गोस्वामी की अवॉर्ड विनिंग कहानी पर आधारित है, अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है। फिल्म के स्क्रीनप्ले और डायलॉग को स्नेहा देसाई ने लिखा है, जबकि बाकी डायलॉग्स को दिव्यनिधि शर्मा द्वारा लिखा गया है।

## आलिया भट्ट की 'जिगरा' का पहले दिन नहीं रहा कोई खास कलेक्शन



बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट की बहुचर्चित और बहुप्रतीक्षित 2024 एक्शन थ्रिलर 'जिगरा' रिलीज हो गई है। फिल्म 'जिगरा' 11 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। लेकिन, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाई नहीं की। आलिया भट्ट की 'जिगरा' पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर जादू चलाने में नाकाम रही है। फिल्म के दमदार ट्रेलर को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसे देखते हुए जगरनॉट को अच्छी ओपनिंग मिलने की उम्मीद थी। हालांकि रिलीज के पहले दिन फिल्म ज्यादा चर्चा नहीं बटोर पाई।

**आलिया भट्ट की 'जिगरा' में नहीं है दम**

आलिया भट्ट और वेदांग रैना के साथ-साथ फिल्म की पूरी टीम ने फिल्म जिगरा का खूब प्रमोशन किया। हालाँकि, यह प्रचार प्रशंसकों को सिनेमाघरों तक लाने में अप्रभावी रहा है। हालांकि जिगरा की पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर ठंडी शुरुआत हुई है, लेकिन इसके बाद मेकर्स को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया की उम्मीद है। बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट की 'जिगरा' राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की 'विकी विद्या का वो वाला वीडियो' से क्लैश हो रही है। दोनों ही फिल्में बिल्कुल अलग जॉनर की हैं। वासन बाला द्वारा निर्देशित फिल्म 'जिगरा' में सत्या का किरदार निभाकर आलिया पहली बार एक्शन करती नजर आ रही हैं।

**जिगरा फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर निराशाजनक शुरुआत**

बॉक्स ऑफिस पर जिगरा का पहले दिन का प्रदर्शन निराशाजनक नजर आ रहा है। फिल्म 'जिगरा' को रिलीज के पहले दिन कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला। कई जगहों पर फिल्म शो भी रद्द करने पड़े। फिल्म की रिलीज के पहले दिन की शुरुआती आंकड़े सामने आ गए हैं। सैकनिलक की रिपोर्ट के मुताबिक, 'जिगरा' ने रिलीज के पहले दिन 4.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है।


फिल्म 'जिगरा' ने रिलीज के पहले दिन उम्मीद के मुताबिक कमाई नहीं की। लेकिन, मेकर्स को उम्मीद है कि दशहरा की छुट्टियों का फायदा आलिया भट्ट की फिल्म को अपनी कमाई बढ़ाने में मिलेगा। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर अमिताभ बच्चन और रजनीकांत की 'वेट्टाइयां' और राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी की 'विकी विद्या का वो वीडियो' प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। इसके चलते फिल्म 'जिगरा' की पहले दिन की कमाई भी कम हो गई है। अब देखना होगा कि वीकेंड पर ये फिल्म कितना शोर मचा पाती है।

# दोबारा मां बनना चाह रही हैं आलिया भट्ट, एक्ट्रेस ने किया खुलासा



आलिया भट्ट बॉलीवुड में एक प्रमुख अभिनेत्री हैं। जब वह बीस वर्ष की थीं तब उन्होंने अभिनय करना शुरू कर दिया था। उन्होंने एक से बढ़कर एक हिट फिल्में भी दीं। एक्ट्रेस ने दो साल पहले रणबीर कपूर के साथ शादी की थी। उन्हें एक प्यारी सी बच्ची राहा हुई जो अब डेढ़ साल की हो गई है। एक इंटरव्यू में आलिया ने अपने पूरे सफर के बारे में बताया। इस बार उनसे उनकी भविष्य की प्लानिंग के बारे में पूछा गया। आलिया ने कहा, ₹यह बहुत गहरा सवाल है। मुझे बहुत सारी फिल्में करने की उम्मीद है। मैं सिर्फ एक अभिनेत्री के रूप में ही नहीं बल्कि एक निर्माता के रूप में भी बहुत सारी फिल्में करना चाहती हूं। अधिक बच्चे चाहती हूं। बहुत यात्रा करना चाहती हूं। स्वस्थ हूं।₹ खुश, सरल, शांत, प्रकृति के करीब मुझे जीवन चाहिए। आलिया का जवाब एक वाक्य ने सबका ध्यान खींचा। वे और बच्चे चाहती हैं। ऐसे में लगता है कि आलिया भविष्य में दोबारा मां जरूर बनना चाहती हैं। बेटी राहा फिलहाल सिर्फ डेढ़ साल की है। उनके क्यूट लुक ने सभी को अपना दीवाना बना लिया है। आलिया भट्ट की फिल्म 'जिगरा' हाल ही में रिलीज हुई है। उन्होंने इस फिल्म का निर्माण भी किया है। भाई-बहन के रिश्ते पर आधारित यह फिल्म इस समय चर्चा में है।

## वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर हुआ रिलीज




आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीज़न 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे। इस प्रोजेक्ट के बारे में निर्देशक ओंकार नाथ मिश्रा ने बताया कि यह सीरीज महान आदि शंकराचार्य को समर्पित है, जिनकी बुद्धिमत्ता, ज्ञान और आध्यात्मिक शक्ति ने इस राष्ट्र को आकार दिया। जब भारत 300 से अधिक राज्यों में बंटा हुआ था, उस समय आदि शंकराचार्य ने देशभर में यात्रा की और इसे सनातन धर्म के ध्वज तले एकजुट किया। उनका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पुनर्जागरण में योगदान अतुलनीय है और हम उनकी कहानी को आधुनिक दर्शकों के स्वर में जीवंत करना चाहते हैं।₹ यह सीरीज 1 नवंबर से आर्ट ऑफ लिविंग ऐप पर उपलब्ध होगी जो इस महान राष्ट्रीय नायक की प्रेरणादायक जीवन की कहानी को विश्वभर के दर्शकों तक पहुंचाएगी।

## हॉकी इंडिया लीग पुरुष नीलामी: 550 से अधिक खिलाड़ियों की लगेगी बोली




- 400 से अधिक घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए कराया पंजीकरण

**नई दिल्ली :** हॉकी इंडिया लीग का बहुप्रतीक्षित 2024 संस्करण रविवार को नई दिल्ली में पुरुषों की नीलामी के साथ शुरू होने वाला है। इस साल के अंत में राउरकेला में हॉकी इंडिया लीग शुरू होने पर आठ पुरुष टीमों में से एक में शामिल होने का मौका पाने के लिए 400 घरेलू और 150 से अधिक विदेशी पुरुष खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। प्रत्येक टीम के पास खिलाड़ियों को चुनने के लिए 4 करोड़ का पर्स होगा, जिन्हें अगले दो दिनों में तीन बेस प्राइस स्लैब 2 लाख, 5 लाख और 10 लाख के तहत वर्गीकृत किया गया है। नीलामी में हरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह मनदीप सिंह, संजय, जुगराज सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, गुरजंत सिंह, अभिषेक, कृष्ण बी पाठक, सुमित, विवेक सागर प्रसाद जैसे सितारे शामिल होंगे। इनके अलावा रूपिंदर पाल सिंह, बीरेंद्र लाकड़ा और धर्मवीर सिंह जैसे पूर्व भारतीय हॉकी दिग्गजों ने भी पंजीकरण कराया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली दिल्ली स्थित टीम का नाम एसजी पाइपर्स रखा गया है। एसजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ महेश भूपति, हॉकी निदेशक पीआर श्रीजेश, मुख्य कोच ग्राहम रीड और सहायक कोच शिवेंद्र सिंह के साथ नीलामी में टीम का नेतृत्व करेंगे। एम एंड सी प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली तमिलनाडु स्थित टीम को तमिलनाडु ड्रैगन्स कहा जाएगा। सीएमडी श्री जोस चार्ल्स मार्टिन, श्री जोसेफ सेलवन, श्री रीन वान ईजक और श्री चार्ल्स डिक्सन के साथ टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड ने कोलकाता स्थित टीम का नाम श्राची रारह बंगाल टाइगर्स रखा है। श्राची स्पोर्ट्स एंडेवर प्राइवेट लिमिटेड के नीरज ठाकुर और सौरव सिकदर के साथ जगराज सिंह, रोमेश पठानिया, अभिषेक शर्मा, दीपक ठाकुर और एड्रियन डिसूजा भी होंगे। हैदराबाद स्थित टीम, जिसका स्वामित्व रेसोल्यूट स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के पास है। लिमिटेड, को हैदराबाद तूफ़ान कहा जाएगा। आलोक सांघी, एमडी के साथ सिद्धांत गौतम, महाप्रबंधक और टीम निदेशक सिद्धार्थ पांडे, प्रमुख कोच पाशा गैडमैन, सहायक कोच एमिली काल्डेरन और संजय बीर और वैज्ञानिक सलाहकार रॉबिन आर्केल होंगे।

# चौके-छक्कों की बारिश के बीच भारतीय टीम ने टी20 श्रृंखला में किया क्लीव स्वीप

## 133 रन से जीता तीसरा टी20 मैच


- 22 छक्के, 25 चौकों की मदद से भारत ने टी20 में बनाया रिकॉर्ड स्कोर



**हैदराबाद :** भारतीय टीम के बल्लेबाजों की ओर से हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में कमाल का प्रदर्शन देखने को मिला। बांग्लादेश के खिलाफ इस मुकाबले में भारतीय बल्लेबाजों ने 22 छक्के और 25 चौके लगा टी20 क्रिकेट में भारतीय टीम का 297 रन का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन के शानदार शतक और कप्तान सूर्यकुमार यादव की ताबड़तोड़ पारी ने दर्शकों को काफी आनन्दित किया। आखिर में रियान पराग और हार्दिक पंड्या ने तेजतर्रार पारी खेल टीम को रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाया। टीम इंडिया का यह स्कोर टेस्ट प्लेइंग नेशन में सबसे बेहतर है। इस विशाल लक्ष्य के आगे बांग्लादेश के बल्लेबाज पूरी तरह दबाव में दिखे और 20 ओवर में मात्र 164 रन ही बना सके। इस तरह भारत ने 133 रन से मैच में जीत के साथ श्रृखंला में क्लीव स्वीप किया।

298 रन के लक्ष्य को लेकर बल्लेबाजी करने उतरी मेहमान बांग्लादेश की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पारी की पहली ही गेंद पर परवेज हुसैन बिना खाता खोले आउट हो गए। इसके बाद कप्तान नजमुल होसैन शंटो ने तंजिद हसन के साथ पारी को आगे बढ़ाया और तेजी से रन बनाने भी शुरू किए। हालांकि चौथे ओवर में तंजिद भी 15 रन बनाकर आउट हो गए। फिर कप्तान शंटो भी 14 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौट गए। पांच ओवर में 59 रन पर तीन विकेट गंवाने के बाद तौहिद हृदय और लिटन दास ने मोर्चा संभाला। इन दोनों ने बांग्लादेश की पारी का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। तभी लिटन 42 रन बनाकर आउट हो गए। लिटन के बाद कोई दूसरा बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर नहीं टिका। हालांकि तौहिद हृदय आखिर तक नाबाद रहे, उन्होंने 63 रन की पारी खेली। भारत के लिए रवि विश्नोई ने तीन विकेट और मयंक यादव ने दो विकेट चटकाए। जबकि वाशिंगटन सुंदर और नितीश रेड्डी को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, भारतीय टीम ने कई रिकॉर्डो को तोड़ते हुए टी20 क्रिकेट में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया आज अलग ही रंग में दिखी। भारतीय बल्लेबाजों ने इस मुकाबले में शुरुआत से ही ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। टीम इंडिया ने 100 रन का आंकड़ा सिर्फ 7.1 ओवर में छुआ और 10 ओवर होते-होते 150 रन भी पूरे किए। इस दौरान भारतीय टीम ने टी20 क्रिकेट के इतिहास के सबसे तेज 100, 150, 200 और 250 रन पूरे किए। टीम के लिए संजू सैमसन ने 46 गेंदों में 111 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के जड़े। वहीं, कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सिर्फ 35 गेंदों पर 75 रन बनाए। सूर्या ने 8 चौके और 5 छक्के जड़े। फिर रियान पराग ने 13 गेंदों में एक चौका और चार छक्कों की मद से 34 रन बनाए। तो हार्दिक पंड्या में 18 गेंदों पर 47 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस तरह 22 छक्के और 25 चौकों की मदद से भारत ने 297 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। बांग्लादेश की तरफ से तंजिम हसन शकीब ने सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। जबकि तस्कीन अहमद, महमदुल्लाह और मुस्तफिजुर रहमान को एक-एक विकेट मिला।

## रणजी ट्रॉफी : हिमाचल के अंकित कलसी का नाबाद दोहरा शतक, तीन विकेट में 663 रनों पर पारी घोषित



**धर्मशाला :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में हिमाचल और उत्तराखंड के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी के इलीट ग्रुप बी मैच में हिमाचल ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। मैच के दूसरे दिन शनिवार को भी मेजबान हिमाचल के बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन जारी रहा जिसके चलते पहली पारी तीन विकेट पर 663 रनों के स्कोर पर घोषित कर दी। वहीं दूसरी ओर बड़े स्कोर का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के लिए उतरे उत्तराखंड ने 50 रनों के स्कोर पर अपना एक विकेट खो दिया है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक उत्तराखंड की ओर से ओपनर अवनीश सुधा 24 और वैभव भट्ट एक रन पर नाबाद हैं। इससे पहले ओपनर रविकुमार समर्थ ने 21 रन बनाए वैभव अरोड़ा के शिकार बने। उधर इससे पूर्व आज हिमाचल की ओर से अंकित कलसी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद दोहरा शतक जड़ा। कलसी ने नाबाद 205 रन बनाए जबकि दूसरे ओपनर प्रशांत चोपड़ा ने 171 रनों का योगदान दिया। वहीं उनके आउट होने के बाद चौथे नम्बर पर बल्लेबाजी के लिए आए एकांत सेन ने भी शतक लगाते हुए 101 रन बनाए। इनके आउट होने के बाद आए बल्लेबाज मयंक डागर ने महज 32 गेंदों पर 56 रनों की नाबाद पारी खेली। इसव पूर्व हिमाचल ने आज सुबह एक विकेट पर 300 रनों के स्कोर के आगे खेलना शुरू किया तथा शानदार बल्लेबाजी के दम पर तीन विकेट में ही 663 रनों के बड़े स्कोर के बाद पारी घोषित कर दी।



# बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार : अजीत

एजेंसी

**मुंबई :** पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर को राजकीय सम्मान के साथ मरीन लाइंस के बड़ा कब्रिस्तान में रविवार को रात साढ़े आठ बजे दफन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने इस तरह आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस हत्या मामले की हर एंगल से छानबीन की जा रही है। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल आज बाबा सिद्दीकी के परिवार के लोगों से मुलाकात की । बाद में इन नेताओं ने कूपर अस्पताल में जाकर बाबा सिद्दीकी के पोस्टमार्टम के बारे में भी जानकारी ली। इसके बाद अजीत पवार ने बताया कि बाबा सिद्दीकी तीन बार विधायक और राज्यमंत्री रह चुके हैं। उनकी हत्या वेदनादायक है, मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस की चार टीमों को अन्य राज्यों में रवाना कर दिया है। उन्हें पूरा विश्वास है कि सभी आरोपित जल्द पकड़ लिए जाएंगे। अजीत पवार ने कहा कि बाबा सिद्दीकी पहले कांग्रेस में थे लेकिन बाद में वे उनकी पार्टी में शामिल हो गए थे। उन्हें विधानसभा चुनाव में स्टार प्रचारक की जिम्मेदारी दी गई थी। अचानक उनकी हत्या से वे स्तब्ध हैं। इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। हम और हमारी पार्टी बाबा सिद्दीकी के परिवार के साथ है। अजीत पवार ने विपक्ष की आलोचना का जवाब देते हुए कहा कि यह राजनीति का विषय नहीं हो सकता है। उल्लेखनीय है कि राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार को देर रात बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके मेंगोली मार कर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी किसी कार्यक्रम में जाने के लिए अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के साथ निकले थे, लेकिन अचानक जीशान का एक फोन काल आ गया और वे कार्यालय की ओर लौट कर फोन पर बात करने लगे। ठीक उसी समय हमलावरों ने बाबा सिद्दीकी पर फायरिंग कर दी थी। इस घटना में दो हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे हमलावर की तलाश जारी है।

# स्वच्छ ऊर्जा विभिन्न क्षेत्रों में गुजरात स्थापित कर रहा है वैश्विक बेंचमार्क

एजेंसी




**गांधीनगर :** नरेन्द्र मोदी के बतौर मुख्यमंत्री परिवर्तनकारी कार्यकाल से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में दूरदर्शी नेतृत्व तक गुजरात अभूतपूर्व विकास का गवाह बना है। पिछले 23 वर्षों में गुजरात ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास की लंबी छलांग लगाकर आज एक अग्रणी राज्य के रूप में अपनी पहचान बनाई है। गुजरात ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, जिनमें रिन्यूएबल एनर्जी यानी नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रदर्शन वास्तव में उल्लेखनीय है। गुजरात आज रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में अन्य राज्यों के लिए पथप्रदर्शक बन गया है। राज्य ने बिजली उत्पादन की कुल 52,424 मेगावाट की स्थापित क्षमता हासिल की है, जिसमें से 50 फीसदी यानी 25,472 मेगावाट ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से आती है। गुजरात इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर तक पहुंचने वाला पहला राज्य बना है। मार्च 2023 के आंकड़ों पर यदि नजर डालें तो गुजरात की बिजली उत्पादन क्षमता 45,912 मेगावाट थी, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा का योगदान 19,435 मेगावाट था। 2024 तक इस क्षमता में 6512 मेगावाट की वृद्धि दर्ज की गयी है, जिसमें 6036 मेगावाट नवीकरणीय स्रोतों से आ रही है। यह उल्लेखनीय वृद्धि स्वच्छ ऊर्जा के लिए गुजरात की दृढ़ प्रतिबद्धता और भारत के व्यापक सस्टेनेबिलिटी मिशन में उसके नेतृत्व को दर्शाती है। हालांकि, यह उल्लेखनीय परिवर्तन रातोंरात नहीं हुआ है। गुजरात ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए सौर, पवन और हाइब्रिड एनर्जी परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। गुजरात वह राज्य है जिसने नवाचार को लगातार बढ़ावा दिया है, नीति-अनुकूल वातावरण बनाया है और सार्वजनिक एवं निजी, दोनों क्षेत्रों की भागीदारी सुनिश्चित कर अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। सरकार के प्रवक्ता के मुताबिक गुजरात में ऊर्जा क्षेत्र में हुई क्रांति प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व का नतीजा है। उनके मार्गदर्शन में राज्य ने नवीकरणीय ऊर्जा को केंद्र में रखकर अपनी रणनीति तैयार की है। राज्य के नागरिकों की बिजली की मांग को पूरा करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी के लिए स्वच्छ और हरित भविष्य का निर्माण भी सुनिश्चित किया गया है। राज्य सरकार ने सक्रिय नीतियां बनाकर सार्वजनिक परियोजनाओं में व्यापक रूप से निवेश को बढ़ावा दिया है। इसके साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा की पहलों में निजी क्षेत्र की भागीदारी के दरवाजे भी खोले हैं। रिन्यूएबल एनर्जी समिट 2024 में पूरी दुनिया नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में गुजरात के मजबूत नेतृत्व की साक्षी बनी है। गांधीनगर स्थित महात्मा मंदिर में 16 से 18 सितंबर के दौरान आयोजित यह समिट एक ऐतिहासिक कार्यक्रम था, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र के वैश्विक अग्रणियों, मंत्रियों, मैन्युफैक्चरर्स, वित्तीय संस्थानों और नीति निर्माताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा समाधान खोजने और इस क्षेत्र में निवेश बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की थी। गुजरात नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिबद्धता दिखाकर टिकाऊ भविष्य को सुरक्षित करना चाहता है। नवीकरणीय ऊर्जा की दीर्घकालिक क्षमता पर विचार कर राज्य ने पहले ही नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों में 43,450 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो पारंपरिक बिजली उत्पादन क्षेत्र में निवेश किए गए 28,864 करोड़ रुपये से बहुत अधिक है। गुजरात सरकार की 'गुजरात रिन्यूएबल एनर्जी पॉलिसी' को 2028 तक के लिए बढ़ा दिया गया है, जिससे इस वृद्धि में और अधिक तेजी आने की उम्मीद है। यह पॉलिसी नए रिन्यूएबल एनर्जी समाधानों का समर्थन करती है, जिसमें सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन, फ्लोटिंग सोलर फार्म और कैनाल टॉप सोलर परियोजनाएं शामिल हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना




एजेंसी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी। 19 अक्टूबर को वे मलावी से भारत के लिए रवाना होंगी।

## कुलगाम सड़क दुर्घटना में 2 नाबालिगों की मौत

**जम्मू :** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के दमहाल हंजीपोरा इलाके में रविवार को डंपर की चपेट में आने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना डीएच पोरा में हुई जहां एक डंपर ने दो बच्चों को टक्कर मार दी जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उप-जिला अस्पताल डीएच पोरा ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान मलीहा एजाज पुत्री एजाज अहमद वानी, निवासी डीएच पोरा, उम्र 13 वर्ष और अम्मान एजाज पुत्र एजाज अहमद हेला, निवासी यारू, उम्र 3 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस वाहन को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है।

## बिहार: नालंदा में दो बाइक की टक्कर में 4 की मौत




**पटना :** बिहार में नालंदा जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के बढ़िया गांव के पास शनिवार रात करीब 11 बजे दो बाइक की आपस में टक्कर में 4 लोगों की मौत हो गई। जबकि दो अन्य लोग घायल हैं। सरमेरा थाना के मुताबिक मृतकों में शेखपुरा निवासी राजन कुमार, सोनू कुमार, शशिरंजन और गया जिला के धरमुचक गांव निवासी बॉस कुमार शामिल हैं। दुर्घटना में घायल हुए सरमेरा निवासी सुराज कुमार और राज हंस कुमार का इलाज बीम्स अस्पताल में किया जा रहा है। मृतक के परिजनों के मुताबिक शेखपुरा से एक ही बाइक पर 4 लोग सवार होकर मेला देखने आए थे। उसी दौरान इनकी टक्कर दूसरे बाइक सवार से हो गई। दूसरी बाइक पर भी दो लोग सवार थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी हिस्ट्रीशीटर को पैर में लगी गोली

एजेंसी



**औरैया :** जनपद के थाना अछल्दा क्षेत्र के निचली गंग नहर रोड घसारा पुल के पास शनिवार रात चेकिंग दौरान पुलिस मुठभेड़ में अंतर्राज्यीय इनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया गया। एसओजी और थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में 25 हजार का इनामी हिस्ट्रीशीटर पैर में गोली लगने से घायल हो गया है।
जानकारी के मुताबिक पुलिस ने लूट के मामले में वांछित चल रहे जनपद मैनपुरी थाना कुर्रा गांव नगला पंछी निवासी सर्वेन्द्र कुमार यादव को पुलिस ने चेकिंग के दौरान बीती रात गंग नहर रोड पर स्थित घसारा पुल के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने रविवार को बताया कि त्यौहार के दृष्टिगत रात में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक बाइक सवारों को रोका गया। पुलिस टीम को देख बाइक सवार ने कई राउंड फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने बचाव में फायर की। इस दौरान बदमाश सर्वेन्द्र पैर में गोली लगने पर घायल होकर गिर पड़ा। इस बीच उसका साथी भाग निकला। पकड़ा गया बदमाश शातिर लुटेरा है और उस पर 25 हजार का इनाम घोषित है। एसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश पर कई राज्यों समेत उप्र के कई जनपदों में 52 मुकदमा दर्ज हैं। उसकी हिस्ट्रीशीट खुली है।

## बुलंदशहर में डेढ़ लाख का इनामी ढेर, 50 से अधिक मुकदमें थे दर्ज

**बुलन्दशहर/एजेंसी :** आहार थाना क्षेत्र में पुलिस ने एनकाउंटर में डेढ़ लाख का इनामी बदमाश राजेश मारा गया। बदमाश पर हत्या, डकैती और लूट के 50 मुकदमें दर्ज थे। मुठभेड़ में थाना प्रभारी और एक सिपाही गोली लगी है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है ।एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि बदमाश राजेश आहार थाना क्षेत्र के गांव सीरिया नगर का ही रहने वाला था। वह लगातार पश्चिम उत्तर प्रदेश में क्राइम कर रहा था। उस पर हत्या, लूट और डकैती के 50 मुकदमें दर्ज थे। पुलिस उसकी काफी दिनों से तलाश कर रही थी लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रही था। शनिवार की रात उसके कोतवाली देहात क्षेत्र में होने की सूचना मिलने पर स्वाट, एसओजी और आहार पुलिस की टीम ने उसकी घेराबंदी की। पुलिस को देखकर गंग नहर के किनारे जाल खेड़ा रोड पर बाइक से भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस ने उसे चारों ओर से घेर लिया। पुलिसकर्मियों को देखते ही उसने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू करते हुए भागने की कोशिश की। फायरिंग पर पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश राजेश को गोली लग गई। इस दौरान इंस्पेक्टर और एक सिपाही को भी गोली लगी। पुलिस तीनों को अस्पताल ले जा रही थी लेकिन रास्ते में बदमाश राजेश ने दम तोड़ दिया। इंस्पेक्टर और सिपाही का इलाज चल रहा है। एसएसपी ने बताया कि राजेश पर बुलंदशहर पुलिस ने एक लाख और अलीगढ़ पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने ऑपरेशन को लीड किया। इसमें स्वाट टीम, एसओजी और आहार पुलिस की टीम शामिल थी। थाना प्रभारी और सिपाही खतरे से बाहर हैं।

## शिमला में पटरी पर लौटा पर्यटन कारोबार, होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़ी

एजेंसी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश की राजधानी और हिल्स स्टेशन शिमला में मानसून सीजन के तीन माह में ठप रहे पर्यटन कारोबार ने तेज़ी पकड़ ली है। शिमला की वादियां देशी-विदेशी पर्यटकों से गुलजार होने लगी हैं। इस वीक एंड पर भारी तादाद में पर्यटकों ने शिमला का रूख किया है और होटलों की ऑक्यूपेंसी 25 फीसदी से बढ़कर 60 फीसदी पहुंच गई है। मानसून की विदाई के बाद पहली बार शिमला में सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। बाहरी राज्यों से ग्रुपों में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं। आगामी दिनों में यहां पर्यटकों की तादाद में और बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। शिमला और उसके आसपास के क्षेत्रों में होटलों में ऑक्यूपेंसी भी बढ़ गई है। पर्यटक शिमला के साथ-साथ नालदेहरा, कुफरी, फागू व नारकंडा पर्यटन स्थलों में भी पहुंच रहे हैं। शिमला पुलिस के मुताबिक पिछले दो दिनों में करीब 26 हज़ार पर्यटक वाहन शहर के प्रवेशद्वार शोघी बैरियर से दाखिल हुए। इसमें बाहरी राज्यों के लगभग 10 हज़ार वाहन शामिल थे। इससे पहले मानसून के दौरान जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने में शिमला में पर्यटक व्यवसाय ठप था।

# पश्चिम बंगाल में दुर्गा विसर्जन से पहले है सिंदूर खेल का विशेष रिवाज

एजेंसी



**कोलकाता :** शनिवार को दशमी के साथ ही पश्चिम बंगाल में दुर्गा पूजा घूमने का उत्साह लगभग समाप्त हो जाता है। दशमी के दिन से ही प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। कोलकाता में आयोजित लगभग चार हजार दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन रविवार को शुरू हो जाएगा, लेकिन इसी दिन राज्य में सिंदूर खेल का एक अनोखा रिवाज है, जो राज्य की दुर्गा पूजा को देशभर से अलग पहचान देता है। सैकड़ों वर्षों से राज्य के जमींदार घरानों और राजवाड़ों में मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से होती रही है, और वर्षों पहले इस सिंदूर खेल की परंपरा शुरू हुई थी। इसमें पूजा मंडप और आसपास की महिलाओं के साथ ही उन घरों में, जहां मां की प्रतिमा स्थापित की गई है, बड़ी संख्या में सुहागिनें अपने रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाला सिंदूर मां के चरणों में अर्पित करती हैं। इसके बाद उसी सिंदूर से अन्य सुहागिन महिलाओं की मांग भरी जाती है और अबीर की तरह गालों पर भी लगाया जाता है। महिलाएं नाचती-गाती और झूमती हैं, जिससे मां दुर्गा की विदाई का यह पर्व और भी खास बन जाता है। रविवार को कोलकाता समेत पूरे राज्य में सिंदूर खेला की धूम रहेगी। इसके लिए महिलाओं ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी हैं।

## न्यूज IN ब्रीफ

### असम व भूटान के कई हिस्से में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी/एजेंसी :** रविवार सुबह 7:47 बजे असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास



जमीन के 15 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 26.73 उत्तरी अक्षांश और 92.31 पूर्वी देशांतर थे। भूकंप के झटके ढेकियाजुली, तवांग, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, उत्तर लखीमपुर, इटानगर, जोरहाट, तेजपुर, गोलाघाट, गुवाहाटी, नगांव और डिमापुर सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने या बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

### फिल्मकार राजकुमार हिरानी आज 'राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान' से होंगे अलंकृत



**खंडवा /एजेंसी :** महान गायक और हरफनमौला कलाकार किशोर कुमार की आज (रविवार) 37वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से ₹राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान₹ अलंकरण समारोह एवं संगीत संध्या का आयोजन किया जा रहा है। खंडवा के पुलिस ग्राउण्ड में शाम 7 बजे से होने वाले इस समारोह में प्रसिद्ध पटकथा लेखक और निर्माता-निर्देशक राजकुमार हिरानी को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान अलंकृत किया जाएगा। संस्कृति संचालक एनपी नामदेव ने बताया कि अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य और संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। अलंकरण समारोह के बाद संगीत संध्या का आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध पार्श्व गायक नीरज श्रीधर गीतों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। गौरतलब है कि फिल्मकार राजकुमार हिरानी को प्रमुख रूप से मुन्ना भाई एमबीबीएस (2003), लगे रहो मुन्ना भाई (2006) और थ्री इडीयट्स (2009) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। मप्र शासन, संस्कृति विभाग द्वारा उन्हें पटकथा लेखन के लिए वर्ष 2023 का राष्ट्रीय किशोर सम्मान प्रदान किया जा रहा है। इससे पहले अमिताभ बच्चन, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, धर्मेंद्र और शत्रुघ्न सिन्हा, वहीदा रहमान जैसे मशहूर सेलिब्रिटी को राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान से अलंकृत किया जा चुका है।

### मृत व्यक्ति की जगह फर्जी व्यक्ति को खड़ा कर जमीन करवाई अपने नाम

**जींद :** शहर थाना नरवाना पुलिस ने मृत व्यक्ति की जगह दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर जमीन नाम करवाने पर मृतक की पौती की शिकायत पर दो महिलाओं के खिलाफ धोखाधड़ी, फर्जीवाड़े का सहारा लेने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शनिवार को होशियारपुर निवासी कमलजीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके दादा केहर सिंह के नाम गांव पीपलथा में जमीन रजिस्टर्ड थी। जिनका देहांत पांच सितंबर 1995 को हो गया था। उस जमीन में से गांव पीपलथा निवासी समरजीत कौर ने किसी व्यक्ति को उसके दादा की जगह खड़ा कर पांच जुलाई 2010 को जमीन का कुछ हिस्सा अपने नाम करवा लिया। वहीं गाव राठधाना निवासी सरोज ने आठ जनवरी 2013 को दूसरे व्यक्ति को उसके दादा की जगह खड़ा कर जमीन से कुछ हिस्सा अपने नाम करवा लिया। दोनों रजिस्ट्रीयां उसके दादा की मौत के बाद फर्जी आदमियों को खड़ा कर करवाई गई हं। शहर थाना नरवाना पुलिस ने कमलजीत कौर की शिकायत पर गांव पीपलथा निवासी समरजीत कौर तथा गाव राठधाना निवासी सरोज के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### सैमसंग गैलेक्सी एस24 एफइ शानदार शुरुआती ऑफर के उपलब्ध

**रांची/मेट्रो रेज :** सैमसंग ने गैलेक्सी एस24 एफइ की बिक्री शुरू होने की घोषणा की है जो गैलेक्सी एआई इकोसिस्टम का सबसे नया प्रोडक्ट है। ये उपभेक्ताओं को प्रीमियम मोबाइल अनुभव प्रदान करता है। आज से, गैलेक्सी एस24 एफइ सैमसंग.कॉम और सभी बड़े रिटेल स्टोर पर उपलब्ध होगा। एआई आधारित प्रोविज़ुअल इंजन और गैलेक्सी एआई के फोटो असिस्ट फीचर पर चलने वाला गैलेक्सी एस24 एफइ, बेहतर कैमरा सेटअप के साथ आता है जो यूजर को अधिक क्रिएटिव बनाता है। 6.7 इंच के डायनैमिक एमोलेड 2X डिस्प्ले, लंबे समय तक चलने वाली 4700एमएएच की बैटरी और शक्तिशाली एक्सीनॉस 2400 सीरीज़ चिपसेट के साथ यह चलते-फिरते गेमिंग करने के लिए एकदम सही डिवाइस है। गैलेक्सी एस24 एफइ कम्युनिकेशन, प्रोडक्टिविटी और क्रिएटिविटी को बढ़ाने के लिए प्रीमियम गैलेक्सी एआई टूल और इकोसिस्टम कनेक्टिविटी प्रदान करता है - ये सभी एक शानदार डिज़ाइन में पेश किए गए है। गैलेक्सी एस24 एफइ को सैमसंग नॉक्स की मज़बूत सेफ्टी भी हासिल है।

### वी बिज़नेस ने इन्फीनिटी लैब्स लिमिटेड के साथ की साझेदारी

**रांची/मेट्रो रेज :** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी की एंटरप्राइज़ शाखा वी बिज़नेस ने अपने हाइब्रिड एसडी-वैन पोर्टफोलियो के तहत मेक-इन-इंडिया एसडी-वैन सोल्यूशन पेश करने के लिए इन्फीनिटी लैब्स लिमिटेड के साथ साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी आधुनिक एआई-आधारित सुरक्षा फीचर्स के द्वारा भारतीय उद्यमों के पोर्टफोलियो को सशक्त बनाएगी और उन्हें साइबर हमले के बढ़ते खतरे के खिलाफ़ सुरक्षा प्रदान करेगी। यह पहल आधुनिक स्वदेशी टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन्स उपलब्ध कराने की वी बिज़नेस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आज के दौर में कारोबार के डिजिटल माहौल के बीच किसी भी उद्यम के लिए सुरक्षा का मजबूत ढांचा बहुत अधिक मायने रखता है। कारोबारों को विभिन्न समाधान जैसे हाइब्रिड नेटवर्क, इंटीग्रेटेड सुरक्षा, इंटेलीजेन्ट राउटिंग, मॉनिटरिंग और एनालिटिक्स उपलब्ध कराने के लिए हाइब्रिड एसडी-वैन को डिज़ाइन किया गया है।

### पेड़ से लटके मिले प्रेमी युगल के शव

**बाड़मेर :** बाड़मेर जिला मुख्यालय से 90 किलोमीटर दूर गिराब थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक प्रेमी युगल के शव पेड़ पर फंदे से लटके मिले। थाना क्षेत्र में सुनसान जगह बाइक और हेलमेट देख राहगीरों को शक हुआ। बाइक से टीले की तरह जाते पगमार्क देख वे टीले के ऊपर पहुंचे तो वहां पेड़ से शव लटके देखे। गिराब थाना प्रभारी देवी सिंह ने के अनुसार शव की शिनाख्त पप्पू सिंह (22) पुत्र छगन सिंह नाबालिग लड़की के रुप में हुई है। पप्पूसिंह गिराब कस्बे का ही रहने वाला था। जबकि नाबालिग बाड़मेर शहर की रहने वाली थी। स्थानीय निवासियों ने रविवार सुबह 6 बजे दोनों के शव देखे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और लड़के के परिजन को मौके पर बुलाया।

# दशहरा देखकर लौट रहे युवक को हाथियों ने कुचलकर मार डाला, तीन ने भागकर बचाई जान

मेट्रो रेज



**गढ़वा :** जिले के दक्षिणी वन क्षेत्र वाले रमकंडा और भंडरिया में हाथियों का आतंक जारी है। शनिवार की रात भंडरिया से दशहरा देखकर जोन्हीखांड़ के रास्ते अपने गांव चुटिया लौट रहे 28 वर्षीय युवक रामदेव सिंह को हाथियों ने कुचलकर मार डाला। हाथी इतने आक्रोशित थे कि रामदेव को पटकते पटकते उसे जंगल में ले गये। इस घटना में बाइक पर बैठे तीन अन्य युवकों ने भागकर अपनी जान बचायी।

**रात में दशहरा देखकर लौट रहे थे गांव उसी वक्त हाथियों ने किया हमला:** इधर घटना की जानकारी मिलते ही सुबह ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। वन विभाग व पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। बताया जाता है कि गढ़वा जिले के चुटिया में रहने वाले रामदेव सिंह, सचिन सिंह, अभिलाष सिंह व आलोक सिंह दशहरा देखकर दो बाइक पर सवार होकर जोन्हीखांड़ के रास्ते अपने गांव चुटिया लौट रहे थे। इसी बीच रात करीब 10 बजे जोन्हीखांड़ सिंजो के जंगल में ललमटिया के पास सड़क पर हाथियों का झुंड आ गया। हाथियों को देखकर एक मोटरसाइकिल चालक ने अपनी बाइक घुमाकर भागने में सफल रहा। वहीं, दूसरे बाइक पर रामदेव के साथ सवार युवक सचिन भी कूदकर जंगलों की ओर भाग निकला। लेकिन बाइक चला रहे रामदेव को हाथियों ने कुचलकर मार डाला।

**रात में ही सैकड़ों ग्रामीण पहुंचे जंगल:** भागकर अपनी जान बचाने वाले युवकों ने अपने गांव जोन्हीखांड़ पहुंचने वाले युवकों ने घटना की सूचना दी। इसके बाद उसी रात जेनेवा पंचायत के मुखिया के पति इंद्रदेव सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने रात में टॉर्च लेकर जंगल पहुंचे। थोड़ी देर खोजबीन के बाद शव की बरादगी हो गयी। इधर रात में ही वन विभाग के वनपाल कमलेश कुमार सहित अन्य कर्मी भी पहुंचे थे।

मृतक के परिजनों को दी गयी 50 हजार रुपये की सहायताः घटनास्थल पर पहुंचे भंडरिया वन क्षेत्र के पदाधिकारी अजय टोप्पो ने मृतक के परिजनों को तत्काल 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। उन्होंने 10 हजार रुपये अतिरिक्त अपनी ओर से सहयोग देने की भी बात कही है। उन्होंने कहा कि कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद मृतक के आश्रित को मुआवजा राशि उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने लोगों से रात में जगंल के रास्ते आवागमन नहीं करने की अपील की है। इस मौके पर वनपाल कमलेश कुमार, शुभम कुमार, तुसार कुमार, वनकर्मी अनुपम, अंकित, असलम, दयानंद, रोशन, जनेवा के मुखिया पति इंद्रदेव सिंह, बिजका पंचायत के मुखिया पति महेश्वर सिंह, झामुमो नेता हिरदयानंद मिंज, रंजन केरकेट्टा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## मां दुर्गा के स्वरूप में बच्चों ने लोगों को किया आकर्षित



**दुर्गा पू**जा के अवसर पर छोट-छोटे बच्चे मां दुर्गा का रूप धारण करते हैं। जिनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करने को लेकर उनके उनके परिजन काफी उत्सुक नजर आते हैं। इसी कड़ी में शहर के जूनियर किड्स मॉडल भी अपनी सूट को और बेहतरीन करने पर फोकस करते नजर आते हैं । बच्चों में शूट की उत्सुकता काफी देखी जाती है जो एक मनमोहक स्वरूप को दशार्ता है। वैसे ही इस बार सूट में विशेष रूप से रीत प्रसाद,निया यादव, एड्रिजा घटक,शालू प्रधान, श्रेयसी मांझी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर लोगों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।



## चौपारण को डिग्री कॉलेज की सौगात, 37 करोड़ स्वीकृत

**हजारीबागः** चौपारण सहित बरही विधानसभा क्षेत्र के विधायक उमाशंकर अकेला ने शिक्षा व बुनियादी ढांचे के विकास के लिए एक से बढ़कर एक महत्वपूर्ण कदम उठाने का लक्ष्य के साथ कदम बढ़ा रहे हैं। उनके अथक प्रयास ने चौपारण प्रखंड की पांडेयबारा पंचायत में डिग्री कॉलेज के निर्माण के लिए राज्य सरकार से 37 करोड़ 85 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। कैबिनेट से भी इसको मंजूरी मिल चुकी है। विधायक उमाशंकर अकेला ने इस ऐतिहासिक निर्णय के बारे में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मैं केवल विकास का अध्याय नहीं लिख रहा हूं, बल्कि चौपारण का भौगोलिक परिदृश्य को बदल कर इतिहास रच रहा हूं। अकेला ने कहा कि यह कॉलेज ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों के लिए शिक्षा का एक बड़ा अवसर साबित होगा। खासकर उन परिवारों के लिए जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर है और वे अपने बच्चों को बाहर पढ़ने भेजने में असमर्थ हैं। इस परियोजना से स्थानीय युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। इसके अलावा विधायक अकेला के अथक प्रयासों से 14 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत से एक पुल परियोजना को भी प्रशासनिक स्वीकृति मिली है।

यह पुल प्रखंड मुख्यालय से 26 किमी दूर झारखंड-बिहार को बांटने वाला भगहर पंचायत के ग्राम परसातरी में ढाढर नदी पर बनाया जाएगा, जो झारखंड और बिहार को जोड़ेगा। इस पुल का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत होगा। इस निर्णय से क्षेत्र में उत्साह का माहौल है और ग्रामीणों ने विधायक उमाशंकर अकेला की सराहना की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह कदम क्षेत्र के विकास के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है।

## जमशेदपुर बोड़ाम का डुल्डुडूंगरी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा

**14 करोड़ की लागत से वन्य विभाग करेगा विकास**
**पटमदा के माचा में बनेगा वन्य विश्रामागार**



**जमशेदपुर :** बोड़ाम प्रखंड के रूपसान गांव स्थित डुल्डुडूंगरी (पहाड़ी क्षेत्र) को पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित किया जाएगा। जिससे सैलानी यहां आकर्षित हो। इसके लिए वन्य, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने 14 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। बृहस्पतिवार को विधायक मंगल कालिंदी ने इसका शिलान्यास किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि डुल्डुडूंगरी की कहानी 138 वर्ष पुरानी है। पर्यटन के दृष्टिकोण से इसका विकास होने से सैलानी यहां आकर्षित होंगे। खासकर वैसे सैलानी एवं श्रद्धालु जो बोड़ाम में हाथीखेदा मंदिर में पूजा अर्चना करने आते हैं। इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से मिलकर इसकी स्वीकृति करायी। वहीं वन्य विभाग की ओर से पटमदा के माचा में वन्य विश्रामगार का भी शिलान्यास विधायक ने किया। कहा माचा अस्पताल के सामने वन विश्रामागार बन जाने से मरीजों के साथ अस्पताल आने वाले लोगों को ठहरने की सुविधा मिलेगी। इस दौरान वन क्षेत्र पदाधिकारी दिग्विजय कुमार सिंह, विश्वनाथ सिंह मुंडा, माणिक महतो, चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, काजल सिंह, रूप नारायण मोदक, सुधीर चंद्र टुडू, जितुलाल मुर्मू व अन्य उपस्थित थे।

## वाहन के धक्के से महिला घायल, सीएचसी में डॉक्टर नहीं, ले जाया गया एसएनएमएमसीएच

**नहीं मिला 108 एंबुलेंस · अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने के कारण महिला का नहीं हो पाया इलाज**



**तोपचांची :** थाना क्षेत्र के गोमो-तोपचांची मार्ग में एक वाहन की चपेट में आकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी। हादसे में महिला का पैर टूट गया है। साथ ही शरीर में चोटें आयी है। घायल महिला की पहचान रघुनाथपुर निवासी सॉरी देवी (65) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में में बताया जाता है कि महिला सड़क किनारे पैदल चल रही थी। इसी दौरान एक वाहन ने महिला को टक्कर मार दी। इस हादसे महिला का पैर टूट गया है। साथ ही शरीर में चोट लग गयी। घटना के बाद ग्रामीणों ने 108 एंबुलेंस को कॉल लगाया। लेकिन किसी ने उठाया नहीं। इसके बाद पीसीआर वैन से महिला को साहोबहियार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लाया गया। लेकिन दशहरा के कारण वहां कोई डॉक्टर उपलब्ध नहीं था। इस कारण यहां महिला का इलाज नहीं हो पाया। काफी मशक्कत के बाद महिला को 108 एंबुलेंस से धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेजा गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को कुचला, दो की मौत

**पलामूः** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के रुदवा में गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ। नेशनल हाईवे 98 पर बीरकुंवर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एक परिवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवाल दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

जानकारी के मुताबिक, छतरपुर निवासी सुनील सिंह अपनी मां एतवरिया कुंवर और पांच वर्षीय बेटे गौतम कुमार के साथ बाइक से जा रहे थे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गौतम कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सुनील सिंह और एतवरिया कुंवर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां एतवरिया कुंवर ने दम तोड़ दिया। सुनील सिंह की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर लिया है और इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



## बंगाली परिधान में महिलाओं ने साझा की तस्वीरें

दुर्गा पूजा के अवसर पर महिलाओं ने माता को अंजलि समर्पित करते हुए साथ बंगाली परिधान में अपनी तस्वीर सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों के बीच साझा की मुख्य रूप से रेल अधिकारी की पत्नी वसुंधरा पांडे और उनकी पुत्री रिचा पांडे ने शूट को और आकर्षक बनाया। सूट में उनके अलावा और भी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## राज्य के विकास के लिए शिल्पी नेहा तिर्की मां दुर्गा से की प्रार्थना

**चान्होः** मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने झारखण्ड के सर्वांगीण विकास और जनता की खुशहाली के लिए माँ दुर्गा से प्रार्थना की है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता में क्षेत्र में शांति और समृद्धि स्थापित करना सबसे ऊपर है, जिसके लिए ईश्वरीय और दैवीय शक्तियों का आशीर्वाद अत्यंत आवश्यक है। विधायक तिर्की ने यह विचार चान्हो प्रखण्ड के ग्राम ओपा में दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन समारोह के दौरान व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने पूजा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालुओं और पूजा समितियों के सदस्यों से मुलाकात की और सभी को दुर्गा पूजा व नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसके अलावा, शिल्पी नेहा तिर्की ने बेड़ो प्रखण्ड के महादानी मैदान में आयोजित सार्वजनिक पूजन कार्यक्रम और ईटकी प्रखण्ड के ग्राम गड़गांव में दुर्गा पूजा समारोह में भी भाग लिया। हर कार्यक्रम में उन्होंने क्षेत्र की उन्नति और जनता की समृद्धि की कामना की।

### अमिताभ बच्चन के जन्मदिवस पर विशेष

# 82 वर्ष के हुए बिग बी, आज भी लोगों में इनके प्रति है गजब का उत्साह

ज्योति पाठक

**अमिताभ** बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर 1942 में यूपी के इलाहाबाद में हुआ था। इनके पिता हरिवंशराय बच्चन जाने माने साहित्यकार एवं कवि थे तथा इनकी माता तेजी बच्चन इंदिरा गांधी की सहेली थी। बचपन में इनका नाम इंकलाब रखा गया था क्योंकि इनके जन्म के समय भारत की आजादी के लिए यही नारा जोरों पर था जिससे प्रेरित होकर उनके पिता ने यह नाम रखा था जिसे बाद में उनके पिता के मित्र कवि सुमित्रानंदन पंत के कहने पर वो नाम बदल कर अमिताभ रखा गया। अमिताभ की शुरूआती शिक्षा इलाहाबाद में हुई बाद में इन्हें पढ़ने के लिए नैनीताल के बोर्डिंग स्कूल में भेजा गया। इसके बाद इन्होंने स्नातक की पढ़ाई दिल्ली के किरोड़ीमल विश्वविद्यालय से की पढ़ाई में यह काफी अच्छे थे। पढ़ाई पूरी करने के बाद ये काम की तलाश में कोलकाता गये जहाँ इन्होंने नौकरी की वे ऑल इंडिया रेडियो में नौकरी के लिए गए थे जहाँ उनकी आवाज को भारी बताकर नौकरी नहीं दिया गया। इन्हें मॉडलिंग के भी कई ऑफर आए जिससे प्रेरित होकर इन्होंने फिल्मों में काम करने का मन बनाया और बम्बई चले आए। 1969 में डायरेक्टर अब्बास मस्तान फिल्म सात हिन्दुस्तानी बना रहे थे अमिताभ उनके पास गये और उन्हें इस फिल्म में रोल मिल गया। लेकिन यह फिल्म फ्लॉप हो गई जिसके बाद ये कोलकाता वापस आ गए फिर 1973 में जब प्रकाश मेहरा जंजीर बना रहे थे तो उन्होंने इस फिल्म में मुख्य भूमिका के लिए अमिताभ बच्चन को चुना और ये फिल्म जबरदस्त हिट हुई इस रोल के लिए अमिताभ बच्चन को एंग्री यन मैन का खिताब मिला और अमिताभ का जादू लोगों के सर चढ़कर बोलने लगा। इसी दौरान इनकी शादी इसी फिल्म की हिरोइन जया भादुड़ी के साथ हुई। इनके दो बच्चे भी हैं पुत्री स्वेता और पुत्र अभिषेक। इस फिल्म के बाद अमिताभ बच्चन ने कभी मुड़कर पीछे ना देखा एक से बढ़कर एक हिट फिल्मों की लाईन लगा दी डॉन और शोले उन्हीं में से एक हैं । शोले आज भी फिल्म जगत में मील का पत्थर माना जाता है और आज भी उसके डायलॉग बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक को याद है। अमिताभ बच्चन ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए तीन बार नेशनल अवॉर्ड और चौदह बार फिल्म फेयर अवार्ड भी मिल चुका है। अमिताभ बच्चन ने सबसे ज्यादा लगभग 39 बार अपना नाम फिल्म फेयर में दर्ज करा चुके हैं। कुछ दिनों इन्होंने राजनीति में भी अपना योगदान दिया पर जल्द ही इन्होंने अपना निर्णय बदल लिया और वापस फिल्मों की ओर सक्रिय हो गये। इन्होंने एक से बढ़कर एक हिट और सुपरहिट फिल्मों की झड़ी लगा दी। 1980 में फिल्म कुली की शूटिंग के दौरान ये बुरी तरह से घायल हुए और तीन महीने तक बम्बई के ब्रीजकैंडी अस्पताल में इनका इलाज चला। इनकी सलामती के लिए सारी दुनिया में पूजा पाठ किए गए सबकी आँखे इनके इंतजार में बिछी थी और ये ठीक होकर आए। अमिताभ बच्चन ने अपनी दौर की नायिकाओं के साथ साथ नये दौर की नायिका सौंदर्य जो दक्षिण फिल्मों की हिरोइन थी उनके साथ फिल्म सूर्यवंशम में भी काम किया। कुछ दिनों का विराम लेने के बाद इन्होंने अपनी दूसरी बारी शुरू की और दुबारा फिल्में साईन की। इन्हें स्टार ऑफ द मिलेनियम का भी खिताब मिला।चाहने वाले इन्हें महानायक, बिग बी के नाम से भी बुलाते हैं।



सन 2000 में टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति को होस्ट किया जो आज भी काफी प्रचलित है और इस शो का जादू सबके सर चढ़कर बोलता है। जब ये यहाँ आकर देवियों और सज्जनों बोलते हैं तो पूरा मंच तालियों की गड़गड़ाहट से भर जाता है। आज ये 82 वर्ष के हो गये हैं फिर भी इनमें वही युवा वाली चुस्ती फुर्ती देखी जा सकती है। सदी के इस महानायक को इनके सभी चाहने वालों की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं